# जनहितैषी

जनहितैषी अब janhitaishinews.com पर भी

हिन्दी दैनिक

R.N.I. No. 63177/95 वर्ष:29 अंक:147 दिनांक: 09-05-2024 गुरूवार मूल्य:1 रूपया 50 पैसा पृष्ठ:4 अहमदाबाद M




आज पीएम नरेंद्र मोदी तेलंगाना के करीमनगर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। इस रैली में पीएम मोदी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि तीसरे चरण के मतदान के बाद कांग्रेस का तीसरा फ्यूज उड़ गया है और बीआरएस का भी अता-पता नहीं है।



पीएम मोदी के आरोपों पर प्रियंका गांधी वाड्रा का जवाब..... राहुल गांधी हर दिन अडानी के बारे में बात करते

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रैली में कहा

अडाणी-अंबानी का नाम लेना भूले शहजादे

करीमनगर (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तेलंगाना के करीमनगर में पहली बार अडाणी-अंबानी का नाम लेते हुए राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- पिछले 5 सालों से कांग्रेस के शहजादे दिन-रात एक ही माला जपते थे। 5 उद्योगपति, अंबानी और अडाणी। लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है, इन्होंने अंबानी-अडाणी को गाली देना बंद कर दिया है...क्यों? प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं कांग्रेस के शहजादे से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने अडाणी और अंबानी से कितना माल उठाया है? काला धन के बोरे भर के रुपए मारे हैं? कांग्रेस पार्टी को चुनाव के लिए उन उद्योगपतियों से कितना माल मिला? क्या टेंपो भरकर माल पहुंचा है?

वहीं पीएम ने वारंगल की रैली में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा- अमेरिका में शहजादे (राहुल गांधी) के फिलॉसफर और गाइड अंकल (सैम पित्रोदा) हैं। वे कांग्रेस पार्टी में थर्ड अंपायर की तरह काम करते हैं। उन्होंने कहा है कि दक्षिण भारत के लोग अफ्रीकन जैसे लगते हैं। पीएम ने कहा कि आज मैं बहुत गुस्से में हूं। लोग मुझे गाली दें तो मैं सह लूंगा। लेकिन शहजादे के फिलॉसफर ने देश के लोगों को इतनी बड़ी गाली दी है कि मेरे मन में गुस्सा भर गया है। क्या मेरे देश में चमड़ी का रंग देखकर लोगों की योग्यता तय होगी। चमड़ी के रंग का खेल खेलने का हक शहजादे को किसने दिया है। संविधान सर पर लेकर नाचने वाले लोग देश का अपमान कर रहे हैं।

तेलंगाना के लोगों ने मेरा 10 साल का काम देखा

प्रधानमंत्री ने कहा कि तेलंगाना के लोगों ने पिछले 10 साल में मेरा काम देखा है। आपके एक वोट ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया। आपके एक वोट ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया और जम्मू-कश्मीर में शांति और समृद्धि सुनिश्चित की। आपके एक वोट ने भारत को रक्षा आयातक से रक्षा निर्यातक बना दिया। पीएम ने कहा कि हमारा पूरा देश संभावनाओं से भरा हुआ है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने अपने पूरे शासनकाल में हमारे लोगों की क्षमता को बर्बाद करने के अलावा कुछ नहीं किया। कांग्रेस पार्टी ने हमारी अर्थव्यवस्था को नष्ट कर दिया, कृषि और कपड़ा क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाया। कांग्रेस ही देश में समस्याओं की सबसे बड़ी जननी है।

इनके लिए फैमिली फस्र्ट

प्रधानमंत्री ने कहा- भाजपा नेशन फस्र्ट सिद्धांत में विश्वास करती है, लेकिन दूसरी ओर कांग्रेस और बीआरएस तेलंगाना में फैमिली फस्र्ट सिद्धांत पर काम करते हैं। कांग्रेस और बीआरएस पूरी तरह से परिवार द्वारा, परिवार के लिए हैं। ये दोनों पार्टियां एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। कांग्रेस और बीआरएस को एक साथ बांधने वाला एकमात्र गोंद भ्रष्टाचार है। तुष्टिकरण की राजनीति ही उनका एजेंडा है। कांग्रेस और बीआरएस जीरो गवर्नेंस मॉडल फॉलो करते हैं। इसलिए हमें तेलंगाना को इन पार्टियों के भ्रष्ट चंगुल से बचाने की जरूरत है।

कांग्रेस मुस्लिमों को देना चाहती है आरक्षण

पीएम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एससी, एसटी और दलितों के लिए आरक्षण का अधिकार छीनना चाहती है और मुस्लिम समुदाय को देना चाहती है। कल्याण न तो उनका दृष्टिकोण है और न ही एजेंडा। कांग्रेस केवल अपना वोट बैंक सुरक्षित रखना चाहती है। यह भ्रष्ट पार्टी पूरी तरह से तुष्टिकरण की नीति में डूबी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग मैग्नीफाइंग ग्लास लेकर अपनी सीटें खोज रहे हैं। चौथे चरण में कांग्रेस का सामान्य मैग्नीफाइंग ग्लास से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को अपनी सीटें खोजने के लिए माइक्रोस्कोप की आवश्यकता पड़ेगी। आजकल आप देख रहे हैं कि दुनिया में हर तरफ अस्थिरता है, अशांति है, संकट है। ऐसे में क्या देश की कमान गलत हाथों में दी जा सकती है?

## वेस्ट नाइल फीवर का अलर्ट

कोझिकोड(ईएमएस)। केरल सरकार के हेल्थ डिपार्टमेंट ने राज्य में वेस्ट नाइल फीवर को लेकर अलर्ट जारी किया है। राज्य के कोझिकोड, त्रिशूर और मलप्पुरम में छह मामले सामने आए हैं। वहीं, त्रिशूर में इस फीवर से 79 साल के बुजुर्ग की मौत की खबर है। यूएस के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुताबिक, यह बीमारी मच्छरों के काटने से होती है। फीवर के साथ उल्टी, दस्त और सिरदर्द की शिकायत होती है। वेस्ट नाइल फीवर के 10 में से 6 मामले में लक्षण नहीं दिखते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों का कोई ऑफिशियल डाटा शेयर नहीं किया है। हालांकि, सभी जिलों के प्री-मानसून क्लीनिंग ड्राइव के साथ निगरानी के निर्देश दिए हैं।

## एअर इंडिया एक्सप्रेस के 200 सीनियर क्रू-मेंबर्स एकसाथ छुट्टी पर

80 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द

नई दिल्ली (ईएमएस)। एअर इंडिया एक्सप्रेस के सीनियर क्रू-मेंबर्स एक साथ छुट्टी पर चले गए हैं। क्रू-मेंबर्स ने छुट्टी की वजह बीमारी बताई है। इसके चलते एयरलाइन को 80 से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ीं।

एयरलाइन ने पैसेंजर्स को सलाह दी है कि बुधवार को एयरपोर्ट आने से पहले अपनी फ्लाइट की जानकारी जरूर ले लें। केबिन-क्रू की कमी के चलते आज भी कई फ्लाइट्स कैंसिल हो सकती हैं। एजेंसी के मुताबिक, टाटा ग्रुप की एयरलाइन के 200 से ज्यादा सीनियर क्रू-मेंबर्स छुट्टी पर गए हैं। जिन शहरों में फ्लाइट्स कैंसल हुई हैं, उनमें कोच्चि, कालीकट और बेंगलुरु शामिल हैं।

पैसेंजर्स को पूरा रिफंड मिलेगा

फ्लाइट कैंसिल होने के बाद एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने बताया कि हमारे केबिन-क्रू ने मंगलवार रात अचानक बीमार होने की सूचना दी है, जिसके बाद कुछ उड़ानों में देरी हुई और कुछ रद्द कर दी गई हैं। हम क्रू से बातचीत कर रहे हैं ताकि यात्रियों की असुविधा कम हो सके। एयरलाइन ने बताया कि उड़ानें रद्द होने से प्रभावित पैसेंजर्स को या तो एयरलाइन से पूरा रिफंड मिलेगा या वे बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी उड़ान को री-शेडयूल्ड कर सकेंगे।

## एंजाइटी और डिप्रेशन की दवा बनाने वाली अवैध फैक्ट्री का हुआ भंडाफोड़

यूपी स्पेशल सेल ने तीन आरोपियों को पकड़ा

नई दिल्ली (ईएमएस)। एंजाइटी और डिप्रेशन के लिए इस्तेमाल होने वाली 'दवा' की एक अवैध फैक्ट्री को यूपी स्पेशल सेल ने पकड़ा है। सेल ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान रचित कुमार, नमित चौधरी और राजेंद्र गौड के तौर पर हुई। स्पेशल सेल ने कार्रवाई के दौरान नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की मदद ली। टीम ने फैक्ट्री से 700 किलो कच्चा माल जब्त किया है जिससे एंजाइटी की दवा 'अल्प्राजोलम' को तैयार किया जाना था। इसके अलावा फैक्ट्री से 4.720 किलोग्राम हाई क्वॉलिटी वाला साइकोट्रोपिक पदार्थ अल्प्राजोलम जब्त किया है। इसकी कीमत एक करोड़ रुपये है। अल्प्राजोलम एक असरकारक दवा है जो पैनिक डिसऑर्डर और डिप्रेशन के इलाज के लिए दी जाती है।

पुलिस के मुताबिक, 25 अप्रैल को एक टीम ने आईजीआई एयरपोर्ट पर कुरियर कंपनी के एक वेयर हाउस में रैकेट से जुड़े एक सदस्य की तरफ से भेज गए संदिग्ध पार्सल को पकड़ा था। चेक करने पर उसमें साइकोट्रोपिक पदार्थ निकला। इसके पुलिस ने हरिद्वार में छापेमारी कर कथित पार्सल बुक करने वाले शख्स रचित को पकड़ा। उसके घर से 1.006 किलोग्राम साइकोट्रोपिक पदार्थ अल्प्राजोलम वाला एक पैकेट बरामद किया। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद यूपी के गजरौला स्थित टपकेश्वर मंदिर के पास फैक्ट्री पर रेड की गई। यह फैक्ट्री अवैध रूप से चल रही थी। फैक्ट्री का मालिक अभी फरार है।

पुलिस के मुताबिक, जब फैक्ट्री शुरू हुई तब आसपास के लोगों को बताया था कि वह फसलों में छिड़कने वाली कीटनाशक बनाने का काम होता है। नमित फैक्ट्री के मालिक से अल्प्राजोलम खरीदता था और उस रचित तक पहुंचाता था। रचित कुमार हरिद्वार में एक दवा कंपनी में लेबर उपलब्ध कराता था। वह हरिद्वार में एक रेस्तरां चला रहा था। नमित ने दवा बनाने में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल को इकट्ठा कर सप्लाई करना शुरू कर दिया। अच्छा लाभ कमाने के लिए, आगे राजेंदर गौड़ उर्फ राजू को सप्लाई शुरू की गई।

## एचडी रेवन्ना 14 मई तक रिमांड पर

बेंगलुरु (ईएमएस)। कर्नाटक सेक्स स्कैंडल की विक्टिम के अपहरण के आरोपी और पूर्व पीम एचडी देवगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना की पुलिस रिमांड 14 मई तक बढ़ा दी गई है। रेवन्ना को एसआईटी ने 3 मई को विक्टिम के बेटे की शिकायत पर गिरफ्तार किया था। वहीं, मंगलवार शाम रेवन्ना की तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बैचेनी की शिकायत की थी। डॉक्टरों ने उनका चेकअप किया और रिपोट्र्स नॉर्मल आने पर उन्हें एसआईटी अधिकारियों के साथ वापस एसआईटी हेडक्वॉटर्र भेज दिया। इधर, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने प्रज्वल रेवन्ना के आपत्तिजनक वीडियो फैलाए हैं। कुमारस्वामी एचडी रेवन्ना के भाई और प्रज्वल के चाचा हैं। शिवकुमार ने कहा कि कुमारस्वामी ब्लैकमेलिंग के राजा और इस पूरी कहानी के मुख्य किरदार और डायरेक्टर हैं।

## नरेंद्र मोदी का भाव घट गया ,40 सीट एनडीए नहीं लायेगी : जदयू विधायक

भागलपुर, (ईएमएस) जदयू के बड़बोले विधायक और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चहेते नीरज कुमार उर्फ गोपाल मंडल ने अपने ही गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दे दिया। पीएम मोदी को लेकर भी बड़ी बात कह दी।

भागलपुर जिला के गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र से जदयू के विधायक गोपाल मंडल ने आज भागलपुर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि, नरेंद्र मोदी का भाव अब घट गया है। जदयू विधायक श्री मंडल ने कहा कि एनडीए गठबंधन 40 नहीं , बल्कि 30 से 32 सीट ही लाएगी। उन्होंने कहा कि 40 सीट नहीं आएगा। अगर मोदी जी देश के लिए अच्छा काम किये होंगे तो 40 में 40 सीट वो जीत जाएंगे।

भागलपुर लोकसभा में अपने ही प्रत्याशी अजय मंडल पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि, अजया हमको गाड़ी नहीं दिया ,हम बैठे हुए थें, ना गाड़ी दिया, ना तेल दिया, ना कुछ ही दिया। हमसे बात वे करने आये थें, तो हम कह दिये थें, अजित शर्मा के पास पैसा है, आपको भी खर्च करना पड़ेगा, हम भी लेंगें, इस बार, पिछले बार नहीं दिया था। अजय मंडल गोपालपुर विधानसभा से लीड करेंगें, लेकिन और कहीं नहीं।

वहीं लालू यादव द्वारा मुस्लिम आरक्षण पर दिए गए बयान पर उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

देखने वाली बात यह होगी कि, एनडीए में बीजेपी की ओर से इस जदयू के बढ बोले विधायक पर क्या प्रतिक्रिया आती है ।

## दिल्ली में आरएलएम अस्पताल के दो डॉक्टर समेत 9 लोग गिरफ्तार

मरीजों से रिश्वत लेने के आरोप के बाद सीबीआई का एक्शन

नई दिल्ली(ईएमएस)। सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली के आरएलएम अस्पताल में रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सीबीआई ने अस्पताल के दो डॉक्टरों समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये लोग मरीजों से इलाज के नाम पर रिश्वत वसूल रहे थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति करने वाले भी शामिल हैं। ये लोग पूरा रैकेट चलाकर अस्पताल आने वाले मरीजों से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे थे।

सीबीआई ने सूत्रों से मिले इनपुट के आधार पर कार्रवाई करते हुए रिश्वतखोरी में शामिल 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी पांच मॉडयूल के जरिए भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे थे और मरीजों से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे थे। मरीजों से स्टेंट और अन्य चिकित्सा आवश्यकताओं की आपूर्ति, स्टेंट के विशेष ब्रांड की आपूर्ति, लैब में चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति, रिश्वत के बदले मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराने और फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करने के नाम पर वसूली की जा रही थी।

सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर के मुताबिक एक विश्वसनीय सूत्र के माध्यम से जानकारी मिली थी कि राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली के कई डॉक्टर और कर्मचारी भ्रष्ट आचरण में लिप्त हैं और कई तरह के मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों के जरिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मरीजों से रिश्वत वसूल रहे हैं।

## पीएम मोदी के आरोपों पर प्रियंका गांधी वाड्रा का जवाब..... राहुल गांधी हर दिन अडानी के बारे में बात करते

मोदी ने अडानी-अंबानी पर राहुल गांधी की चुप्पी पर उठाए थे सवाल

रायबरेली (ईएमएस)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमले का जवाब दिया, जहां उन्होंने अडानी-अंबानी पर कांग्रेस की चुप्पी पर सवाल उठाकर पूछा था कि क्या कांग्रेस और उद्योगपति के बीच कोई गुप्त समझौता था। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने अडानी और अंबानी जैसे अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है, जबकि उत्तरप्रदेश में किसान आत्महत्या कर रहे हैं।

प्रियंका ने कहा कि आज नरेंद्र मोदी ने कहा, राहुल गांधी अडानी का नाम नहीं ले रहे। लेकिन सच्चाई ये है, राहुल गांधी हर दिन अडानी के बारे में बात करते हैं, वे हर दिन अडानी का सच आपके सामने रखकर उसे उजागर करते हैं। राहुल गांधी रोज कहते हैं कि पीएम मोदी की बड़े उद्योगपतियों से सांठगांठ है।

दरअसल तेलंगाना में रैली में पीएम मोदी ने कहा था कि वर्षों तक कांग्रेस के शहजादा 5 उद्योगपतियों की बात करते थे और फिर उन्होंने केवल अंबानी और अडानी की बात करना शुरू किया और अब वे उन पर चुप हैं। मोदी ने कहा कि जब से चुनाव की तारीखें घोषित हुई हैं, उन्होंने (राहुल और अन्य कांग्रेस नेताओं ने) अंबानी, अडानी को गाली देना भी बंद कर दिया है। आखिर क्यों? मैं कांग्रेस के शहजादे से पूछना चाहता हूं कि उन्हें अडानी, अंबानी से कितना काला धन मिला है? चुनावों के लिए कांग्रेस को कारोबारियों से कितना (फंडिंग) प्राप्त हुआ? मुझे यहां कुछ गड़बड़ की गंध आ रही है। कांग्रेस को सामने आकर लोगों को स्पष्टीकरण देना चाहिए।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर 10 को फैसला

गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर भी सुनवाई करेगा

नई दिल्ली(ईएमएस)। दिल्ली शराब नीति मामले में दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर सुप्रीम कोर्ट 10 मई को फैसला सुनाएगा। मामले की सुनवाई कर रही बेंच की अगुवाई कर रहे जस्टिस संजीव खन्ना ने बुधवार को कहा कि अंतिरम जमानत पर फैसला सुनाने के साथ हम गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर भी शुक्रवार को ही सुनवाई करेंगे।

मंगलवार की सुनवाई में फैसला सुनाए बिना ही बेंच उठ गई थी। सुबह साढ़े 10 बजे सुनवाई शुरू होने के बाद लंच से पहले तक कोर्ट ने जमानत की शर्तें तय कर ली थीं। हालांकि तब श्रष्ठ ने कहा कि केजरीवाल के वकील को 3 दिन सुना गया। हमें भी पर्याप्त समय दिया जाए।

## म्यांमार में बिजली गिरने की घटनाओं में 73 लोगों की मौत

यांगून (ईएमएस)। म्यांमार के आपदा प्रबंधन विभाग की रिपोर्ट में बताया गया है, इस साल 31 मार्च को समाप्त 12 महीने में देश में बिजली गिरने की घटनाओं में कुल 73 लोगों की मौत हुई है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि म्यांमार में पिछले साल 1 अप्रैल से इस साल 31 मार्च तक बिजली गिरने की कुल 67 घटनाएं हुईं। इसमें 73 लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हुए।

रिपोर्ट में कहा गया है कि देश भर में बिजली गिरने से होने वाली मौतों की संख्या इस अवधि के दौरान तेज हवाओं के कारण होने वाली मौतों से अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश का आपदा प्रबंधन विभाग बिजली गिरने से होने वाली मौतों की संख्या को कम करने के लिए लोगों में सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ा रहा है।

## अगर मान लिया राहुल गांधी का सुझाव.....तब ठप्प हो जाएगी अर्थव्यवस्था

अर्थशास्त्री ने बताया भारत में नहीं लग सकता विरासत टैक्स

नई दिल्ली (ईएमएस)। कांग्रेस नेता और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और सैम पित्रोदा ने पिछले दिनों अमेरिका का हवाला देकर विरासत टैक्स की बात कही थी। राहुल और सैम के बयान पर पीएम नरेंद्र मोदी सहित पूरी भाजपा ही चुनावी माहौल में हमलावर है। इस बीच अर्थशास्त्री गौतम सेन का कहना है कि राहुल गांधी का संसाधनों के पुनर्वितरण का फॉर्मूला भारत में काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा, यह भारत में काम नहीं करेगा। यहां बड़ी दौलत वाले बहुत कम लोग हैं। इसके बाद जो हैं भी, उन लोगों ने अपनी पूंजी को कारोबार में लगा रखा है। यदि उस पूंजी को सरकार अधिग्रहित करे या फिर 55 फीसदी तक का विरासत टैक्स वसूला जाए तब धंधा ही रुक जाएगा।

अर्थशास्त्री सेन ने कहा, ऐसी स्थिति में कारोबार ही ठहर जाएगा। आपको उनकी संपत्ति के लिए कारोबार ही खत्म कराना होगा। उन्होंने कहा कि मेरा पॉइंट है कि देश की 0.5 फीसदी आबादी से टैक्स वसूलने के लिए आप बड़े पैमाने पर कारोबारों को नुकसान पहुंचाएंगे और इससे उन गरीब लोगों को ही नुकसान होगा, जो उस पर निर्भर हैं। अर्थशास्त्री सेन ने कहा कि बीते 10 सालों में ग्रोथ हुई है, और संसाधनों का बेहतर बंटवारा किया है। उनका इशारा लोगों के गरीबी से ऊपर उठने पर था।

दरअसल अमेरिका में सैम पित्रोदा ने कहा था कि यहां विरासत टैक्स लगता है। ऐसी चीज भारत में नहीं है, जिस पर चर्चा हो सकती है। इसपर गौतम सेन ने कहा, अमेरिका में कोई विरासत टैक्स नहीं है। वहां एस्टेट डयूटी लगती है और गिफ्ट टैक्स है। अमेरिका में 2022 तक मरने वाले लोगों में से मात्र 0.22 फीसदी के परिजनों ने इस टैक्स को अदा किया था। पूरे अमेरिका में सिर्फ 4000 लोगों पर एस्टेट डयूटी लगती है। इसका कारण यह है कि छूट की लिमिट इतनी ज्यादा है, कि कम ही लोग इसके दायरे में आते हैं।

अर्थशास्त्री सेन ने कहा कि अमेरिका में भी अमीर लोगों ने अपनी ज्यादातर पूंजी ट्रस्ट्स में लगा रखी है। इस वजह से अमेरिका का उदाहरण भारत में देना गलत है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि भारत के सभी कारोबारों और लोगों का सर्वे कराना भी अव्यवहारिक है। भारत में 2.4 फीसदी से भी कम लोग इनकम टैक्स देते हैं। इस समूह में भी महज 12 लाख लोग हैं, जिनके पास बड़ी दौलत है। इन लोगों के पास भी पूंजी घर में नहीं रखी है।

## इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा का एक और विवादित बयान, कहा

ईस्ट वाले चीनी, साउथ वाले अफ्रीकन दिखते हैं

नई दिल्ली (ईएमएस)। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स के बाद भारत की विविधता को लेकर बयान दिया। पित्रोदा ने कहा कि भारत में ईस्ट के लोग चाइनीज और साउथ वाले अफ्रीकन दिखते हैं। बयान देने के कुछ ही देर बाद कांग्रेस ने इससे किनारा कर लिया। कांग्रेस ने कहा कि भारत की विविधता की ये परिभाषा मंजूर नहीं है। यह गलत है। जब बयान सामने आया, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना के वारंगल में सभा कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा, शहजादे के फिलॉसफर ने चमड़ी के आधार पर देशवासियों का अपमान किया। गाली दी।

सैम पित्रोदा ने एक अंग्रेजी अखबार को दिए एक इंटरव्यू में विविधता पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि हम 75 साल बहुत खुशहाल माहौल में रहे हैं। लोग इधर-उधर के झगड़ों को छोड़क़र एक साथ रहते थे। हम भारत जैसे विविधता वाले देश को एक साथ रख सकते हैं। यहां हम सभी भाई-बहन हैं। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि हम सभी अलग-अलग भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाजों और खाने का सम्मान करते हैं। यही वह भारत है जिसमें मैं विश्वास करता हूं, जहां हर किसी के लिए एक जगह है। यहां हर कोई एक-दूसरे के लिए थोड़ा-बहुत समझौता करता है।

प्रधानमंत्री बोले- मेरा मन गुस्से से भर गया है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज मैं बहुत गुस्से में हूं। लोग मुझे गाली दें तो मैं गाली सह लेता हूं; लेकिन शहजादे के फिलॉसफर ने इतनी बड़ी गाली दी है कि मेरे मन में गुस्सा भर गया है। मोदी ने कहा कि क्या मेरे देश में चमड़ी का रंग देखकर लोगों की योग्यता तय होगी। चमड़ी के रंग का खेल खेलने का हक शहजादे को किसने दिया है। संविधान सर पर लेकर नाचने वाले लोग मेरे देश का अपमान कर रहे हैं।

## इस साल दर्ज हुआ इतिहास का सबसे गर्म अप्रैल

जलवायु परिवर्तन से हर साल 38 लाख करोड़ का घाटा!

नई दिल्ली(ईएमएस)। यूरोप की जलवायु एजेंसी कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस का कहना है कि अप्रैल 2024 अब तक का सबसे गर्म महीना रिकॉर्ड किया गया है। अप्रैल 2024 में जबरदस्त गर्मी रही और इस दौरान दुनियाभर में बाढ़, सूखा, बारिश जैसी आपदाओं से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। यह लगातार 11वां महीना है, जिसमें रिकॉर्ड तापमान दर्ज किया गया। तापमान में वृद्धि की वजह अल नीनो प्रभाव और जलवायु परिवर्तन को माना जा रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल में औसत तापमान 15.03 डिग्री सेल्सियस रहा, जो कि 1850-1900 में पूर्व औद्योगिक काल के तापमान की तुलना में 1.58 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। वहीं 1991-2020 की तुलना में अप्रैल 2024 का औसत तापमान 0.67 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। इससे पहले अप्रैल 2016 में सबसे ज्यादा तापमान दर्ज किया गया था, लेकिन अप्रैल 2024 ने उस रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। कॉपरनिकस क्लाइमेट एजेंसी के निदेशक कार्लो बूनोटेम्पो ने बताया कि इस साल की शुरुआत में अल नीनो प्रभाव चरम पर था, लेकिन अब पूर्वी प्रशांत महासागर की सतह का तापमान वापस सामान्य होने की तरफ बढ़ रहा है, इसके बावजूद अभी भी समुद्र की सतह का तापमान बढ़ा हुआ है, जिसके असर से ही माना जा रहा है कि अप्रैल 2024 में रिकॉर्ड तापमान दर्ज किया गया। एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वैश्विक तापमान बीते 12 महीनों में सबसे उच्चतम दर्ज किया गया और यह औद्योगिक काल (1850-1900) से पूर्व की तुलना में 1.61 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। दुनियाभर के देशों को औसत वैश्विक तापमान में औद्योगिक काल से पहले के तापमान की तुलना में तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोकने की कोशिश करनी चाहिए, वरना इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

सालाना 38 लाख करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका

जर्मनी के पोट्सडैम इंस्टीटयूट फॉर क्लाइमेट इंपैक्ट रिसर्च के एक हालिया अध्ययन के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन से वैश्विक अर्थव्यवस्था को साल 2049 तक हर साल करीब 38 लाख करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ सकता है। खासकर जलवायु परिवर्तन के चलते सबसे ज्यादा उन देशों को नुकसान उठाना पड़ेगा, जो जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार ही नहीं हैं। एशियाई देश इन दिनों लू की समस्या से जूझ रहे हैं और फिलीपींस में तो स्कूल भी बंद करने पड़े। भारत में भी इन दिनों जानलेवा लू का कहर चल रहा है। वहीं संयुक्त अरब अमीरात में 75 वर्षों के इतिहास में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग का कहना है कि अब ला नीना प्रभाव बनना शुरू हो गया है, जिससे अगस्त-सितंबर में भारत में अच्छी बारिश का अनुमान है।

## सैम पित्रोदा के बयान से संजय सिंह ने बनाई दूरी, कहा- इंडिया गठबंधन इसका समर्थन नहीं करता

नई दिल्ली (ईएमएस)। एक बार फिर कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा अपने बयान को लेकर विवादों में आ गए हैं। सैम पित्रोदा ने कहा कि भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं तो दक्षिण में लोग अफ्रीकी लगते हैं। वहीं पश्चिम में लोग अरबी लगते हैं और उत्तर भारतीय गोरे होते हैं। उनके इस बयान को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि इंडिया गठबंधन के किसी भी सदस्य ने सैम पित्रोदा बयान का समर्थन नहीं किया है। यह एक कथित नस्लवादी टिप्पणी है। उन्होंने भाजपा पर दलितों से नफरत करने का आरोप भी लगाया है।

वहीं दूसरी तरफ पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि सैम पित्रोदा का बयान उनका नहीं राहुल गांधी का बयान है। वे वही बोलते हैं जो राहुल गांधी चाहते हैं। सैम पित्रोदा के बयान से महात्मा गांधी की आत्मा दुखी हो रही होगी, रो रही होगी। मैं प्रधानमंत्री मोदी से अपील करूंगा कि ऐसे बयानों को देश के खिलाफ मानते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ, इनकी पार्टी के खिलाफ, ऐसी सोच के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## लोकसभा चुनावः 5वें चरण में 8 राज्यों में चुनाव लड़ेंगे 695 उम्मीदवार

नई दिल्ली (ईएमएस)। लोकसभा चुनाव 2024 के 5वें चरण में 8 राज्यों के 695 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। लोकसभा चुनाव 2024 के 5वें चरण में होने वाले मतदान के लिए 8 राज्यों के 49 संसदीय क्षेत्रों के लिए कुल 1586 नामांकन-पत्र दाखिल किए गए। सभी 8 राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों में पांचवें चरण के लिए नामांकन-पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 3 मई, 2024 थी। दाखिल किए गए सभी नामांकन-पत्रों की जांच के बाद, 749 नामांकन-पत्र वैध पाए गए। 5वें चरण में, महाराष्ट्र के 13 संसदीय क्षेत्रों में अधिकतम 512 नामांकन-पत्र दाखिल किए गए थे। इसके बाद, उत्तर प्रदेश के 14 संसदीय क्षेत्रों में 466 नामांकन-पत्र दाखिल किए थे। झारखंड के 4-चतरा संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 69 नामांकन-पत्र प्राप्त हुए और इसके बाद उत्तर प्रदेश के 35-लखनऊ संसदीय क्षेत्र में 67 नामांकन-पत्र प्राप्त हुए। पांचवें चरण के लिए एक संसदीय क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 14 है।

## राहुल भारतीय राजनीति का नायक : लालकृष्ण आडवाणी

-तीसरे चरण के मतदान के दौरान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ संदेश

-लोकसभा चुनाव के 4 चरण हैं शेष, जिसमें दिख सकता है इस बयान का असर

नई दिल्ली,(ईएमएस)। देश के पूर्व गृहमंत्री, भारतरत्न लालकृष्ण आडवाणी ने राहुल गांधी को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि भले ही मैं भाजपा से हूँ लेकिन मैं आज भारत देश के समाज सेवक के रूप में भारतीय जनता से यह कहना चाहता हूँ कि राहुल गांधी ही एक ऐसे इंसान हैं जो भारत देश को एक अच्छा राष्ट्र बना सकते हैं, क्योंकि उनमें वह निर्णय लेने की क्षमता है जो भारत देश के वासियों को नई दिशा प्रदान कर सकते हैं।

भारतरत्न श्री आडवाणी के नाम से उक्त बयान को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हुई है, जिसमें उन्हें कोड करते हुए कहा गया है कि राहुल गांधी भारत देश को एक नई दिशा प्रदान कर सकते हैं, मैंने भी देश के लिए एक गृहमंत्री के रुप में सेवा की है। मगर मैंने कभी भी राजनीति में राहुल गांधी जैसा प्रभावशाली नेता नहीं देखा। गूगल पर सर्च करने पर मनीष कुमार एडवोकेट के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस पोस्ट को देखा गया है, जिसमें भारतरत्न लालकृष्ण आडवाणी की तस्वीर के साथ इसे पोस्ट किया गया है।

वैसे आपको बतलाते चलें कि भारतरत्न लालकृष्ण आडवाणी का यह बयान ऐसे समय में सामने आया है जबकि तीसरे चरण का मतदान हो रहा था और आगे अभी लोकसभा चुनाव के चार चरण शेष हैं। ऐसे में उनके बयान को महत्वपूर्ण इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि उन्होंने राहुल गांधी की तारीफ कर जहां भाजपा और दीगर विरोधी नेताओं को खामोश कर दिया है, वहीं मोदी सरकार द्वारा दिए गए भारतरत्न के बावजूद राहुल गांधी की तारीफ करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी करने जैसा है। बहरहाल इस बयान की सत्यता की पुष्टि ईएमएस नहीं करता है। भारतरत्न लालकृष्ण आडवाणी के नाम को कोड कर वायरल किए गए संदेश को सोशल मीडिया पर बार-बार देखा और सर्च किया गया है। इस कारण कहा जा सकता है कि इसका असर लोकसभा चुनाव के आगामी चरणों में अवश्य ही देखने को मिलेगा।

## जन हितैषी

# बचत घटी, घरेलू कर्ज बढा, ब्रांडेड सामान की बिक्री गांवों में बढी

केंद्रीय सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा रिपोर्ट जारी की गई है। उसमें बताया गया है, जीडीपी में बचत का हिस्सा 50 सालों में सबसे कम रहा है। 2011 से 2022 के बीच बचत घटती जा रही है। वहीं प्रति व्यक्ति जीडीपी आय मैं 140 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। पिछले 5 वर्षों में लोगों की बचत सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। बचत में शेयर मार्केट, बैंक के बचत खाते, एफडी, शेयर मार्केट, सोना, म्युचुअल फंड इत्यादि को भी शामिल किया गया है। 2022 के वित्तीय वर्ष में 17.1 लाख करोड रुपए की बचत थी। जो 2022-23 में घटकर 14.02 लाख करोड रुपए रह गई है। सकल जीडीपी में बचत का हिस्सा केवल 5.3 फ़ीसदी बचा है। जो पिछले 50 वर्षों में सबसे कम है। लोगों के खर्च बढ़ रहे हैं, लेकिन बचत कम होती जा रही है। रिपोर्ट में कर्ज आसानी से मिलने के कारण सामाजिक मानसिकता में यह परिवर्तन देखने को मिल रहा है। साल भर में लोगों का घरेलू कर्ज 54 फ़ीसदी बढ़ गया है। 2021-22 में घरेलू खर्च 7.69 लाख करोड रुपए था। जो 2022-23 में बढ़कर 11.88 लाख करोड रुपए हो गया है। पिछले वर्ष की तुलना में 54 फ़ीसदी घरेलू कर्ज बढा है। बैंकों से क्रेडिट कार्ड से और गैर बैंकिंग कंपनियों से यह कर्ज लिया गया है। 2012 के बाद से लोगों पर घरेलू कर्ज लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण बाजारों में ब्रांडेड सामान की बिक्री लगातार बढ़ रही है। ग्रामीण अंचल अब शहरी क्षेत्र को मात देते हुए देख रहे हैं। जनवरी 24 से मार्च 24 की तिमाही में ग्रामीण क्षेत्र की मांग 7.6 फ़ीसदी बढ़ गई है। वहीं शहरी क्षेत्र में 5.7 फ़ीसदी मांग घट गई है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में ब्रांडेड वस्तुओं को लेकर यह परिवर्तन सभी को आश्चर्यचकित कर रहा है। सरकार के केंद्रीय सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जो रिपोर्ट जारी की गई है। वह बड़ी चिंता जनक है। बचत 50 वर्षों में सबसे कम हो गई है इसका मतलब है कि अब भारतीय नागरिक अपनी हर जरूरत के लिए कर्ज और सरकार के ऊपर निर्भर होते चले जा रहे हैं। ग्रामीण अंचलों की सामाजिक व्यवस्था और भौतिक संसाधनों के प्रति जो आकर्षण बढ़ रहा है। उसके कारण ग्रामीण अंचल जो अभी तक कर्ज के बहुत ज्यादा दबाव में नहीं थे ग्रामीण अंचलों के परिवार भी अब कर्ज के बोझ से दबते चले जा रहे हैं। पिछले 10 वर्षों से केंद्र में मोदी सरकार है। कर्ज लेकर खर्च की प्रवृत्ति को बढ़ाने का काम किया गया है। इसका असर जीडीपी और कर वसूली के लिए सरकार के लिए उपयुक्त माना जा सकता है। लेकिन जिस तरह से आम आदमी कर्ज के बोझ से दबता चला जा रहा है। महंगाई बढ़ती चली जा रही है। आय की तुलना में खर्च ज्यादा हो रहा है। ऐसी स्थिति में कर्ज की भी एक सीमा है। पिछले वर्षों में कर्ज के कारण डिफाल्टर होने वाले लोगों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ती चली जा रही है। कर्ज नहीं चुका पाने के कारण, आत्महत्या जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। इसका असर अपराधों पर भी पड़ रहा है। जीडीपी में आर्थिक विकास होने के बाद भी इसका लाभ आम आदमी तक नहीं पहुंच रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खाने-पीने की वस्तुयें महंगी हो रही हैं। जिसके कारण भारत में असमानता बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। आने वाले समय में निम्न और मध्यम वर्ग के लिए यह एक खतरे की घंटी है। वहीं सरकार के लिए भी इसे खतरे की घंटी माना जा सकता है। जब एक बड़ी आबादी सरकार के ऊपर निर्भर होगी, तो इसका असर राजनीति और सरकारों के अस्तित्व पर भी पडना तय माना जा रहा है। कर्ज लेकर घी पीने की प्रवृत्ति आम नागरिकों के साथ-साथ सरकार के बीच की एक प्रवृत्ति बन गई है। एक स्तर तक कर्ज लेने को जायज ठहराया जा सकता है। लेकिन जब इसे चुका नहीं पाते हैं, तो इसका ठीक उलटा असर होता है। इसका असर अभी दिखना शुरू हो गया है। आने वाले सालों में यह निम्न एवं मध्यम वर्ग के साथ-साथ सरकार के लिए भी कर्ज एक मुसीबत बनने जा रहा है। इस तथ्य को भी ध्यान में रखने की जरूरत है। आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया बचत के आधार पर किया जा सकता है कर्ज के आधार पर नहीं। कर्ज लेने पर ब्याज का बोझ भी बढ़ता है। किस्त और ब्याज की तुलना में यदि आय नहीं बढ़ती है, तो वह आम नागरिकों के जन-जीवन को बुरी तरह से प्रभावित करते हैं। इस ओर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है।

# मिलावट का कहर, स्वास्थ्य के लिये जहर

भारतीय मसालों की गुणवत्ता की साख जब दुनिया में धुंधली हुई है, मिलावटी मसालों पर देश से दुनिया तक बहस छिड़ी हुई है, तब दिल्ली में मिलावट के एक बड़े मामले का पर्दाफाश होना न केवल चिंताजनक है बल्कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये शर्मनाक है। भारत में मिलावट का मामला मसालों तक ही सीमित नहीं है। मिलावटखोरों ने दवाइयों, तेल, घी, दूध, मिठाइयों से लेकर अनाज तक किसी चीज को नहीं छोड़ा है। हर साल त्योहारों पर देशभर से मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों की खबरे आती हैं। प्रश्न है कि आखिर मिलावट का बाजार इतना धडल्ले से क्यों पनप रहा है, क्यों सिस्टम लाचार है, मिलावटखोरी का अंत क्यों नहीं हो पा रहा है? लोकसभा चुनाव के दौरान मिलावट की त्रासद एवं जानलेवा घटनाओं का उजागर होना, क्यों नहीं चुनावी मुद्दा बनता?

कह तो सभी यही रहे हैं--''बाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है।'' लेकिन इस बड़े सच रोटी यानी पेट भरने की खाद्य-सामग्री को मिलावट के कारण दूषित एवं जानलेवा कर दिया गया है। देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट मुनाफाखोरी का सबसे आसान जरिया बन गई है। खाने-पीने की चीजें बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। किसी भी वस्तु की शुद्धता के विषय में हमारे संदेह एवं शंकाएं बहुत गहरा गयी हैं। मिलावट का धंधा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी फैला हुआ है और इसकी जड़ें काफी मजबूत हो चुकी हैं। जीवन कितना विषम और विषभरा बन गया है कि सभी कुछ मिलावटी है। सब नकली, धोखा, गोलमाल ऊपर से सरकार एवं संबंधित विभाग कुंभकरणी निद्रा में है। मिलावटी खाद्य पदार्थ धीमे जहर की तरह हैं। ये दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों, अल्सर, कैंसर वगैरह की वजह बन सकते हैं। खाने वालों को आभास भी नहीं होता कि वे धीरे-धीरे किसी गंभीर बीमारी की ओर जा रहे हैं। वे किसी पर भरोसा कर कुछ खरीदते हैं और मिलावटखोर तमाम कानून बने होने एवं प्रशासन की सक्रियता के बावजूद इस भरोसे को तोड़ रहे हैं। उनकी वजह से दूसरे देशों का भी भरोसा भारतीय उत्पादों पर कम होने की स्थितियां बनती जा रही है। कुछ दिनों पहले ही हांगकांग और सिंगापुर ने लिमिट से ज्यादा पेस्टिसाइड का आरोप लगाकर दो भारतीय ब्रैंड के कुछ मसालों को बैन किया था। अगर ऐसा हुआ तो इनके निर्यात से करोड़ों डॉलर की आमदनी पर आंच आएगी।

मिलावट करने वालों को न तो कानून का भय है और न आम आदमी की जान की परवाह है। दुखद एवं विडम्बनापूर्ण तो ये स्थितियां हैं जिनमें खाद्य वस्तुओं में मिलावट धडल्ले से हो रही है और सरकारी एजेन्सियां इसके लाइसैंस भी आंख मूंदकर बांट रही है। जिन सरकारी विभागों पर खाद्य पदार्थों की क्वॉलिटी बनाए रखने की जिम्मेदारी है वे किस तरह से लापरवाही बरत रही है, इसका परिणाम आये दिन होने वाले फूड प्वाइजनिंग की घटनाओं से देखने को मिल रहे हैं। मिलावट के बहुरुपिया रावणों ने खाद्य बाजार जकड़ रखा है। मिलावट का कारोबार अगर फल-फूल रहा है, तो जाहिर है कि इसके खिलाफ जंग उस पैमाने पर नहीं हो रही है, जैसी होनी चाहिए। इस मामले में भारत अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश से कुछ सबक ले सकता है, जिसने हल्दी में लेड की मिलावट पर काबू पा लिया। मिलावटखोर हल्दी की चमक बढ़ाने के लिए लेड का इस्तेमाल करते हैं और यह समस्या पूरे दक्षिण एशिया की है।

मिलावट सबसे बड़ा खतरा है। मारने वाला कितनों को मारेगा? एक आतंकवादी स्वचालित हथियार से या बम ब्लास्ट कर अधिक से अधिक सौ दो सौ को मार देता है। लेकिन खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाला हिंसक एवं दरिंदा तो न जाने कितनों को मृत्यु की नींद सुलाता है, कितनों को अपंग और अपाहिज बनाता है। इन हिंसक, क्रूर एवं मुलाफाखोरों पर लगाम न लगने की एक वजह यह भी है कि ऐसा करने वालों को लगता है, इससे होने वाले मुनाफे की तुलना में मिलने वाली सजा बहुत कम है। जाहिर है, सजा कड़ी करने के साथ ही यह भी पक्का करना होगा कि दोषी किसी तरह से बच न निकलें। यही नहीं, लोगों को पता होना चाहिए कि मिलावट की शिकायत कहां करनी है। हमारे प्रयासों में कमी न रहे, तभी यह काला धंधा रुक सकेगा।

कारोबार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण मिलावट हर जगह देखने को मिलती है। कहीं दूध में पानी की मिलावट होती है, तो कहीं मसालों में रंगों की। दूध, चाय, चीनी, दाल, अनाज, हल्दी, फल, आटा, तेल, घी आदि ऐसी तमाम तरह की घरेलू उपयोग की वस्तुओं में मिलावट की जा रही है। यानी, पूरे पैसे खर्च करके भी हमें शुद्ध खाने का सामान नहीं मिल पाता है। मिलावट इतनी सफाई से होती है कि असली खाद्य पदार्थ और मिलावटी खाद्य पदार्थ में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। जीवन मूल्यहीन और दिशाहीन हो रहा है। हमारी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता और अविश्वास के चक्रव्यूह में जीवन मानो कैद हो गया है। घी के नाम पर चर्बी, मक्खन की जगह मार्गरीन, आटे में सेलखड़ी का पाउडर, हल्दी में पीली मिट्टी, काली मिर्च में पपीते के बीज, कटी हुई सुपारी में कटे हुए छुहारे की गुठलियां मिलाकर बेची जा रही हैं। दूध में मिलावट का कोई अंत नहीं। नकली मावा बिकना तो आम बात है। राजस्थान और गुजरात में चल रहा नकली जीरे का कारोबार अब दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सो तक पहुंच गया है। दिल्ली में पहली बार पकड़ी गई नकली जीरे की खेप ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत के लोगों को न शुद्ध हवा मिल रही है और न शुद्ध पानी और न ही शुद्ध खाने का निवाला, कैसी अराजक शासन व्यवस्था है?

मिलावट के कारण हम एक बीमार समाज का निर्माण कर रहे हैं। शरीर से रुग्ण, जीर्ण-शीर्ण मनुष्य क्या सोच सकता है और क्या कर सकता है? क्या मिलावटखोर परोक्ष रूप से जनजीवन की सामूहिक हत्या का षडयंत्र नहीं कर रहे? हत्यारों की तरह उन्हें भी अपराधी मानकर दंड देना अनिवार्य होना चाहिए। मिलावट एक ऐसा खलनायक है, हत्यारी प्रवृत्ति है, जिसकी अनदेखी जानलेवा साबित हो रही है। चाहे प्रचलित खाद्य सामग्रियों की निम्न गुणवत्ता या उनके जहरीले होने का मततब इंसानों की मौत भले ही हो, पर कुछ व्यापारियों एवं सरकारी अधिकारियों के लिए शायद यह अपनी थैली भर लेने का एक मौका भर है। त्यौहारों पर मिलावटी मिठाइयां खाने से अपच, उलटी, दस्त, सिरदर्द, कमजोरी और बेचैनी की शिकायते सुनने में आती रही है। इससे किडनी पर बुरा असर पड़ता है। पेट और खाने की नली में कैंसर की आशंका भी रहती है।

खाद्य उत्पाद विनियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने 2006 के खाद्य सुरक्षा और मानक कानून में कड़े प्रावधान की सिफारिश की थी। कानून को सिंगापुर के सेल्स आफ फूड एक्ट कानून की तर्ज पर बनाया गया जो मिलावट को गम्भीर अपराध मानता है। फूड?इंस्पैक्टरों का दायित्व है कि वह बाजार में समय-समय पर सैम्पल एकत्रित कर जांच करवाएं लेकिन जब सबकी 'मंथली इन्कम' तय हो तो फिर जांच कौन करे? हालत यह है कि बाजारों में धूल-धक्कड़ के बीच घोर अस्वास्थ्यकर माहौल में खाद्य सामग्रियां बेची जा रही है। सीएजी ऑडिट के दौरान जो तथ्य उजागर हुए हैं, वे भ्रष्टाचार को तो सामने लाते ही है साथ-ही-साथ प्रशासनिक लापरवाही को भी प्रस्तुत करते हैं। देश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने का काम करने वाली सरकारी एजेन्सी की दशा कितनी दयनीय है और वहां कितनी लापरवाही बरती जा रही है, सहज अनुमान लगाया जा सकता है। हमें सोचना चाहिए कि शुद्ध खाद्य पदार्थ हासिल करना हमारा मौलिक हक है और यह सरकार का फर्ज है कि वह इसे उपलब्ध कराने में बरती जा रही कोताही को सख्ती से ले। (लेखक - ललित गर्ग/ईएमएस)

# राम के नाम पर नहीं काम के नाम पर चुनिए

हम कलम घसीटने वालों के पास मुफ्त में देने के लिए अन्न नहीं है लेकिन तजुर्बे हैं, सलाह- मशवविरे हैं, जो हम लगातार देते रहते है। अठारहवीं लोकसभा के लिए तीसरे चरण के मतदान के बाद चौथ, पांचवें, छटवें और सातवें चरण में मतदान करने वालों को हमारी सलाह है कि वे राम के नाम पर नहीं बल्कि काम के नाम पर मतदान करें और जो राम के नाम पर भिक्षाटन कर रहा हो उसे या तो राम के पास ही माला जपने के लिए भेज दें या फिर उससे कहें की वो काम करे।

देश की जनता राम को अपना आराध्य मानती है और राम के नाम पर लगातार उदारता दिखाकर मतदान भी करती आयी है किन्तु अब राम जी की कृपा से जनता जाग गयी है। जनता को समझ में आ गया है कि राम को तो वोट की जरूरत है ही नहीं। वे तो पहले से राजा राम है। वोट तो उनके नाम पर राजनीतिक ठगी करने वालों को चाहिए। हरियाणा में दल-दल से बाहर खड़े होकर दलदल की सरकार का समर्थन करने वाले तीन निर्दलीय विधायकों को सबसे पहले ये समझ में आया है और उन्होंने राम के नाम पर बनी नकली राम सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। अब हरियाणा में या तो राष्ट्रपति शासन लगाया जाएगा या फिर नए चुनाव होंगे । राम के नाम पर खरीद-फरोख्त की गुंजाइश अब लगभग बची नहीं है।

हरियाणा की जनता और नेता राम के साथ ही कृष्ण की भी सुनते है। असली महाभारत तो हरियाणा में ही हुआ था । यहां के लोग रामायण के साथ ही गीता के उपदेशों के बारे में भी जानते हैं। शायद इसीलिए भाजपा को समर्थन दे रहे तीन निर्दलीयों ने सरकार से समर्थन वापस लेते हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को समर्थन देने का एलान कर दिया है। रोहतक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के साथ निर्दलीय विधायक दादरी से सोमबीर सांगवान, पूंडरी से रणधीर गोलन और नीलोखेड़ी से धर्मपाल गोंधर ने कांग्रेस के समर्थन का एलान किया है।

देश में जब रामनाम की खुली लूट चल रही थी तब भी 2019 के विधानसभा चुनाव में हरियाणा की 90 सीटों में से भाजपा ने 40 सीटों पर जीत दर्ज की थी और बहुमत का आंकड़ा हासिल करने में असफल रही थी। वहीं, इनेलो से अलग होकर बनी जननायक जनता पार्टी के दस विधायक बने थे। सात निर्दलीयों ने भी जीत दर्ज की थी। कांग्रेस के खाते में 31 सीट तो इनेलो और हरियाणा लोकहित पार्टी के खाते में एक एक सीट आई थी। इस स्थिति में भाजपा ने जजपा के साथ गठबंधन किया और करीब साढ़े चार साल तक प्रदेश में सरकार चलाई। इस दौरान कांग्रेस की आदमपुर सीट कुलदीप बिश्नोई के भाजपा में शामिल होने से खाली हुई और वहां उपचुनाव में उनके बेटे ने जीत दर्ज की और भाजपा के प्रदेश में 41 विधायक हो गए। वहीं, कांग्रेस के पास तीस विधायक रह गए।

पिछले दस साल में भाजपा ने राम के नाम पर अनेक राज्यों की चुनी हुई सरकारें गिराईं,दल-बदल कराया,पार्टियों को तोड़ा किन्तु ये पहला मौक़ा है जब खुद भाजपा की सरकार टूट रही है। यानि जो तकनीक भाजपा सत्ता हासिल करने के लिए अब तक इस्तेमाल करती आ रही थी ,उसी तकनीक से उसे हरियाणा में सत्ता से बेदखल करने के लिए इस्तेमाल किया गया है । लोकसभा चुनाव के लिए हुए तीसरे चरण के मतदान के दिन ही भाजपा को ये उपहार मिला है। इस घटना से हरियाणा को जो कष्ट झेलना पड़ेंगे वे तो अलग हैं लेकिन अब भाजपा को चार सौ पार करने के लिए फिर से प्रभु राम की शरण में जाना पड़ेगा । कोई दूसरा पुलवामा भी भाजपा की मदद कर सकता है ,लेकिन आज का समय और भगवान राम तो उसके साथ खड़े होने वाले नहीं हैं।

आपको याद दिला दूँ कि हरियाणा में जजपा पांडवों की तरह भाजपा से लोकसभा चुनाव से पहले गठबंधन में बने रहने के लिए मात्र 2 सीटें मांग रही थी,किन्तु हरियाणा में कौरव बनी भाजपा ने जजपा को ठेंगा दिखा दिया। लोकसभा चुनाव से पहले ही 12 मार्च को हरियाणा में भाजपा-जजपा गठबंधन टूट गया। भाजपा को मजबूरी में राज्य में मुख्यमंत्री बदलकर मनोहर लाल खटटर की जगह नबाब सैनी को लाना पड़ा। जजपा से गठबंधन टूटने के बाद भाजपा के पास अपने 41, छह निर्दलीयों और एक हलोपा विधायक का समर्थन था। जजपा के कुछ विधायक भी भाजपा के साथ आते दिखाई दिए, लेकिन विहिप जारी होने के कारण सदन से बाहर चले गए और ध्वनि मत से सैनी सरकार ने फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। महम से निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू भी सरकार के खिलाफ पहले से ही मोर्चा खाले हुए हैं।

मोशा की जोड़ी मुमकिन है कि जोड़तोड़ से हरियाणा की सरकार एक बार फिर बचा ले किन्तु अब पूरा देश भाजपा की हकीकत समझ गया है। अब भाजपा के सामने हरियाणा से ज्यादा दिल्ली की सरकार को बचाने की चुनौती है। राम जी के नाम पर अब देश की जनता भाजपा को वोट देने वाली नहीं है । अब भाजपा को राम के नाम पर नहीं बल्कि अपने काम पर वोट मांगना चाहिए अन्यथा राम नाम सत्य साबित हो सकता है। मुझे भाजपा का जाना अच्छा नहीं न लगेगा क्योंकि बेचारी भाजपा ने राम के नाम पर देश में बहुत पापड़ बेले हैं। जनता को खिलाकर भरमाया है । किन्तु यदि जनता काम पर वोट देने की आदत डालकर कोई फैसला करती है तो मै क्या पूरा देश ,हमारी भारत माता,हमारा लोकतंत्र सुखानुभूति करेगा। क्योंकि हमारे देश में 1980 के पहले राम -श्याम के नाम पर वोट मांगने की परम्परा नहीं है ,और फिर राम-श्याम के नाम पर वोट मांगे भी क्यों जाएँ ?

हरियाणा के निर्दलीय विधायकों की ही तरह राम जी करें कि हमारा केंचुआ भी नींद से जागे और बदजुबानी करने वालों को केवल नोटिस देकर ही न छोड़े बल्कि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर प्रमाणित करे की उसके पास भी रीढ़ की हड्डी है। केंचुआ हो या न्यायपालिका या संसद जिसने भी ,जब भी अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधा किया है लोकतंत्र का स्वास्थ्य सुधरा है। भारत का लोकतंत्र कुछ कांग्रेस ने बीएमआर किया था और बचा-खुचा भाजपा ने कर दिया। जनता ही जो लोकतंत्र को बचा सकती है। हम जनता में फर्क नहीं करते। लोकतंत्र बचाने कि लिए उस 85 करोड़ जनता की भी जरूरत है जो पांच किलो अनाज कि लिए सरकार की मोहताज है और उस जनता की भी जो भक्ति करते -करते अंधभक्ति की शिकार हो गयी थी। राम सबकी रक्षा करें। (लेखक राकेश अचल / ईएमएस)

# हवन से मानसिक और शारीरिक बल

हवन की परंपरा प्राचीनकाल से रही है। ऋषि वनों में रहते हुए प्रातः सायं दैनिक यज्ञ किया करते थे। पंच महायज्ञों का प्रचलन था। धार्मिक अनुष्ठान के समय वृक्षों में भगवान का वास मानकर पीपल, बरगद, आम, अशोक, बिल्व, पारिजात, आंवला आदि की पूजा की जाती थी। ऋषि-मुनि, यज्ञ को सफलता और सिद्धिकारक मानते थे और वायुमंडल की शुद्धि का कारक भी मानते थे। यही कारण था कि उस समय लोग निरोग और दीर्घायु होते थे। आज के प्रगतिशील युग में भी मानव पग-पग पर अन्य समुदाय, समाज एवं दूसरे राष्ट्रों पर अंतरनिर्भर है। परंतु प्रकृति के साथ विध्वंसात्मक कार्यवाही जो व्यक्तिगत स्वार्थ हेतु हो रही है, जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है-इससे हमारा स्थायी विकास होना तो दूर, हम स्थायी रूप से मानसिक संतुलन खोते जा रहे हैं।प्रकृति और मानव का सृष्टि के आरंभ से ही अन्योन्याश्रित संबंध रहा है और मानव के पृथ्वी पर आभिर्भाव के साथ ही आवश्यकताओं का भी सत्य उदय हुआ। हवन में 90 तत्व पाये गये हैं उसके निराकरण के साथ शरीर के पोषक तत्वों की पूर्ति स्वतः होती रहती है। हवन वातावरण में निवास करने से उदा. अस्थमा, सायनासाइटिस, एलर्जी, आर्थराइटिस, अल्सर, पेट कीघाव, चमडी के रोग, गॉलब्लेडर व किडनी स्टोन, डिप्रेषन, इन्सोम्निया, नर्वसनेस, हायपरएक्टिविटी, कैंसर, एड्स इत्यादि बीमारियॉ, से छुटकारा मिल सकता है। अपच और अनिद्रा चिन्ता के कारण उत्पन्न होते हैं तथा चिंता से ये उग्र रूप धारण कर लेते हैं। आखिर, मन के विचार तो आपके ही हैं। उनसे आप कब तक डरेंगे ? घृणा, क्रोध, भय, चिन्ता, ईर्ष्या, द्वेष, क्लेश आदि मनोविकार रक्त संचार पर भी कुप्रभाव डाल देते हैं चिन्ता और भय के वेग से रसों का स्त्राव अवरुद्ध हो जाता है, रक्त-संचार बाधित हो जाता है और पाचन शिथिल हो जाता है। आप जैसा विचार करेंगे, वैसे ही बन जायेंगे। स्वस्थ विचार कीजिये और स्वस्थ बन जाइये तथा मानसिक विकलता उत्पन्न कर देते हैं। यदि आपको एक बार कोई रोग हुआ था और अब पुनः उसका प्रभाव हो गया है तो आप यह कल्पना एवं चिन्ता न करने लगें कि पुनः रोग उग्र हो जायगा। अब तो आपको आदत पड़ गयी और आप उस रोग का रहस्य जान गये। अतः विश्वास करें कि शीघ्र ही आप उस पर विजय पा लेंगे। सैकड़ों लोग की रोग से मुक्ति होती है, आपकी भी होगी।, क्योंकि बेचैनी से उत्पन्न तनाव अनिद्रा को द्विगुणित कर देता है। हवन अति प्राचीन वैदिक विज्ञान, औषधि शास्त्र, कृषि शास्त्र और मौसम विज्ञान व्दारा मानव को दिया गया स्वर्णिम उपहार है। प्रतिदिन हवन करने से मानसिक तनाव दूर होता है और आप शान्ति अनुभव करते हैं। हवन से अनिद्रा, मन की दुर्बलता, चिड चिडापन, भय, क्रोध,, शराब, स्मैक आदि से छुटकारा मिल सकता है। वैज्ञानिक दृष्टि से हवन से निकलने वाले अग्नि के ताप और उसमें आहुति के लिए उपयोग की जाने वाली हवन की प्राकृतिक सामग्री यानी समिधा वातावरण में फैले रोगाणु और विषाणुओं को नष्ट करती है, बल्कि प्रदूषण को भी मिटाने में सहायक होती है। साथ ही उनकी सुगंध व ऊष्मा मन व तन की अशांत व थकान को भी दूर करने वाली होती है। यज्ञ में सब जड़ी बूटियाँ ही डाली जाती हैं। आम की लकड़ी, देशी घी, तिल, जौं, शहद, कपूर, अगर तगर, गुग्गुल, लौंग, अक्षत, नारियल शक्कर और अन्य निर्धारित आहूतियाँ भी बनस्पतियाँ ही होती हैं। इन जड़ीबूटियों के धुएँ से रोगी की आंतरिक बाह्य और मानसिक शुद्धि भी होती है। साथ ही मानसिक और शारीरिक बल तथा सकारात्मक ऊर्जा भी मिलती है।

हवन मस्तिष्क की कोशिकाओं का नवीनीकरण करता हैं, त्वचा को पुनः सजीव कर रक्त को शुध्द करता है। हवन में हानिकारक जीवाणुओं को निष्क्रिय करने की शक्ति हैं। जब हम हवन की अग्नि के सामने बैठते हैं और हवन पदार्थ के जलने से निकलने वाला धुआँ श्वास से अंदर लेते हैं तब वह फेफडों में और रक्त शिराओं में जल्द ही फैल जाता है। इसका रक्त परि संचरण तंत्र तथा पर उत्तम प्रभाव पडता है और यदि हवन नित्य किया जाय तो वातावरण में अधिक प्रभावशाली प्रभाव पडता है। जिस स्थान पर हवन होता है वहॉ हवन पिरामिड होम से स्पंदन बना रहता है। अगर आप गहराई से अध्ययन करे तो सब कुछ स्पदन ही है। जहॉ-जहॉ है वहॉं-वहॉ ध्वनि है। जब मंत्र का उच्चारण किया जाता हैं तो विशिष्ट स्पंदन सक्रिय हो जाते है। परिणामस्वरूप विशिष्ट वातावरण का सृजन होता है। इस तरीके से अपेक्षित परिणाम प्राप्त होते हैं। इस स्पंदन का अस्तित्व हर एक वस्तु और हर एक घटना के लिये होता है।ऐसे वातावरण में कोई भी व्यक्ति सुः का अनुभव कर सकता है। हवन करने से वनस्पति को वातावरण के माध्यम से पोषक तत्व मिलते है परिणामस्वरूप वनस्पति प्रफुल्लित होती है। हवन की अग्नि शान्त होने तक अग्निपात्र के पास बैठने से मानव मस्तिष्क को बिना किसी विशेष प्रयास के मानसिक उर्जा की अनुभूत हाती है।हवन के समय तांबे के पात्र के आसपास प्रचण्ड मात्रा में विशिष्ट ऊर्जा एकत्रित होती है तथा पात्र के पास चुंबकीय सदृश क्षेत्र का निर्माण होता है, जो कि नकारात्मक ऊर्जा को निष्क्रिय कर देता है तथा सकारात्मक ऊर्जा को प्रबल बनाता है। परिणाम स्वरूप हवन किये जाने वाले स्थान के आसपास एक सकारात्मक उर्जा क्षेत्र का निर्माण हो जाता है, जिससे सिर्फ हवन करने वाले व्यक्ति को ही नहीं अपितु उस सकारात्मक क्षेत्र में आने वाले सभी जीवों को लाभ पहुँचाता है। वायुमण्ड शुद्धि अर्थात सुखमय जीवन के लिये नित्य हवन करें भूमण्डल के हजारों लोग शक्तिशाली हवन से लाभवान्वित हुए हैं। इससे अनेक शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक समस्याओं का निराकरण हो जाता है। (लेखक- संजय गोस्वामी/ ईएमएस)

## आज का इतिहास 9 मई

1540 महाराणा प्रताप का जन्म हुआ.

1788 ब्रिटेन ने दास व्यापार समाप्त करने के लिए संसदीय प्रस्ताव पारित किया.

1866 राष्ट्रीय नेता गोपाल कृष्ण गोखले का जन्म हुआ.

1933 नाजियों ने बर्लिन में 25 हजार किताबों की होली जलाई.

1936 इटली ने इथोपिया पर कब्जा किया.

1955 पश्चिम जर्मनी नाटो का सदस्य बना.

1968 अमरीका और उत्तर वियतनाम के प्रतिनिधि शांति वार्ता में भाग लेने पेरिस पहुंचे.

1978 इटली के पूर्व प्रधानमंत्री एल्डो मोरो का गोली से छलनी शव मध्य रोम में मिला.

1987 पोलैंड का विमान 183 यात्रियों सहित दुर्घटनाग्रस्त हो गया.

1991 यूगोस्लाव सेना को सर्ब और क्रोट के बीच जातीय संघर्ष समाप्त करने के लिए अधिकृत किया गया.

1995 स्वतंत्रता सेनानी और गांधीजी के निकट आभा गांधी का निधन.

1996 प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव का त्यागपत्र. कोई भी दल सरकार बनाने की स्थिति में नहीं.

1997 हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर के करीब एक ट्रक के गहरी खाई में गिर जाने से 71 व्यक्तियों की मृत्यु.

1998 गायक तलत महमूद का निधन.

2001 नई दिल्ली में सेना भवन के पास दो बम विस्फोट.

2001 ईटा नगर में हैलीकाप्टर दुर्घटना में असम के एक मंत्री समेत सात लोग मरे.

## शब्द पहेली - 8001




**बाएँ से दाएँ**

1. ईसा मसीह-3
3. जवान, तरुण-3
5. आकाश, व्योम-2
6. परत, अस्तर-2
8. गर्जना, दहाड़ना-4
11. मदद, आराम-3
13. सुगंध, खुशबू-3
14. धूल, मिट्टी-2
15. छत्तीसगढ़ की राजधानी-2
16. पिता, आविष्कारक-3
18. नस्ल, जाति, प्रजाति-3
20. ओस, रजनीजल-4
23. भीगा हुआ-2
25. बल, ताकत, दम-2
26. तेल या घी में पकाना -3
27. मसाज-3

**ऊपर से नीचे**

1. रसना, जिव्हा-2
2. सचेत, सावधान-3
3. जरुरत, आवश्यकता-3
4. ऋतु, मौसम-2
5. दृश्य, तमाशा-3
7. कंठ, गला-3
9. रीती, रिवाज-2
10. प्रसिद्ध, नामवर-4
12. तीर रखने का पात्र-4
16. भूमि, धरा-3
17. खदान, माईन-2
19. तरंग, हिलोर-3
21. प्रवाहित करना-3
22. भीड़, समूह-3
24. राय, वोट-2
25. उत्साह, ललक-2

शब्द पहेली -8000 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## खेल - समाचार

# आयरलैंड ने टी20 विश्व कप के लिए घोषित की टीम, स्टर्लिंग होंगे कप्तान

डबलिन (ईएमएस)। आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड ने अगले माह अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रुप से होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम की कप्तान अनुभवी सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग करेंगे।

स्टर्लिंग के अलावा एंड्रयू बेलबिर्नी और जॉर्ज डॉकरेल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया गया है। आयरलैंड को टी20 विश्व कप में ग्रुप ए में रखा गया है और उसका पहला मुकाबला पांच जून को न्यूयॉर्क में भारत से होगा।

ग्रुप ए में भारत और आयरलैंड के अलावा पाकिस्तान, कनाडा और मेजबान अमेरिका की टीम भी शामिल है। आयरलैंड की टीम टी20 विश्व कप में लगातार आठवीं बार भाग लेगी। इस टीम ने यूरोप क्वालीफायर के क्षेत्रीय फाइनल में दूसरे स्थान पर रहते हुए क्वालीफाई किया था। टीम ने साल 2009 में पहली बार इससमें खेलते हुए सुपर आठ चरण में प्रवेश किया था।

आयरलैंड की टीम इस प्रकार है :

पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), मार्क एडेयर, रॉस एडेयर, एंड्रयू बेलबिर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, जोश लिटिल, बैरी मैकार्थी, नील रॉक, हैरी टेक्टर, लोर्कान टकर, बेन व्हाइट और क्रेग यंग।

# राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेंगे नीरज

नई दिल्ली (ईएमएस)। ओलंपिक स्वर्ण विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा तीन साल बाद एक बार फिर घरेलू मुकाबलों में खेलते हुए दिखेंगे। नीरज इसी माह 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में खेलेंगे। वह 10 मई को डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद स्वदेश लौटेंगे।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने इसको लेकर सोशल मीडिया में कहा, 'प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेंगे। चोपड़ा के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज ने भी कहा है कि वह भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में शामिल होंगे। एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे।

नीरज ने अंतिम 17 मार्च 2021 को घरेलू प्रतियोगिता में भाग लिया था। तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में भी स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में डायमंड लीग के बाद साल 2023 में विश्व चैंपियन बने थे। उन्होंने चीन में एशियाई खेलों में अपने खिताब का भी बचाव किया था। चोपड़ा ने इस बीच 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक के साथ ही डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते थे। नीरज का लक्ष्य आगामी पेरिस ओलंपिक के पहले 90 मीटर तक भाला फेंकनेकी उपलब्धि हासिल करना है।

# आईपीएल में चार टीमों के बराबर अंकों पर पहुंचने से प्लेऑफ की रेस हुई कठिन

नई दिल्ली (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स की राजस्थान रॉयल्स पर जीत के साथ ही चार टीमें के समान अंक हो गये हैं। इसके बाद भी चार टीमों का बाहर होना तय है जबकि शीर्ष दो टीमों का प्लेऑफ में पहुंचना पक्का है। अंक तालिका को देखें तो अब तक एक भी टीम क्वालीफाई नहीं कर पायी है। अभी अंक तालिका में कोलकाता नाइटराइजर्स (केकेआर) की टीम 16 अंकों पर कायम है और इतने ही अंक लेकर दूसरे नंबर पर राजस्थान रॉयल्स की टीम है। ऐसे में इन दोनों का प्लेऑफ में पहुंचना तय है। इसके अलावा दो टीमें कौन सी होगी इसको लेकर कुछ भी अभी तय नहीं है।

शीर्ष की दो टीम को छोड़ दें तो इसके बाद की चार टीमों के एक समान अंक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), सनराइजर्स हैदराबाद, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के 12-12 अंक हैं। इसमें से दिल्ली ने सबसे ज्यादा 12 मैच खेले हैं जबकि अन्य टीमों ने एक मुकाबला कम खेला है। इस कारण अन्य टीमों के मुकाबले दिल्ली के प्लेऑफ में जाने की संभावना थोड़ी कम है।

आईपीएल प्लेऑफ की रेस में अभी 6 टीमों के बीच मुकाबला है पर इसमें से करीब 4 टीमें तकरीबन बाहर हो गयी हैं। मुंबई इंडियंस की टीम अपने बाकी बचे मैच जीतने के बाद भी 12 अंकों तक ही पहुंचेगी ऐसे में वह बाहर हो गयी है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स अपने बचे सारे मैच जीतने के बाद 14 अंकों तक पहुंच सकती है पर ये भी एक तरीके से बाहर ही हैं।

# ज्योति की कप्तानी में इसी माह युरोप दौरे पर जाएगी भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम

नई दिल्ली (ईएमएस)। ज्योति सिंह की कप्तानी में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम इसी माह यूरोप दौरे पर जाएगी। इसमें साक्षी राणा को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। 21 से 29 मई तक होने वाले इस दौरें में भारतीय टीम को बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड के दो क्लबों ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश और आरेंजी रूड से छह मैच खेलने को मिलेंगे। हॉकी इंडिया ने इस दौरे को लेकर कि टीम में अच्छा तालमेल हैं। सभी खिलाड़ी एक दूसरे को अच्छी तरह से जानती हैं। सभी कुशल और प्रतिभाशाली है। उन्हें इस दौरे से अच्छा अनुभव मिलेगा।

भारतीय टीम 21 मई को ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश से पहला मैच खेलेगी जबकि 22 मई को ब्रेडा में ही बेल्जियम से खेलेगी। इसके बाद 24 मई को बेल्जियम में मेजबान से खेलना है। उसे 26 मई को ब्रेडा और 27 मई को जर्मनी में खेलना है। इसके बाद 29 मई को ब्रेडा में आरेंजी रूड से वह अंतिम मैच खेलेगी। इस दौरे के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है :

गोलकीपर : अदिति माहेश्वरी, निधि

डिफेंडर : ज्योति सिंह (कप्तान), लालथांटलुआंगी, अंजलि बारवा, पूजा साहू, ममिता ओरम, निरू कुल्लू

मिडफील्डर : के सोनिया देवी , रजनी केरकेटा, प्रियंका यादव, के शिलेइमा चानू, साक्षी राणा, अनिशा साहू, सुप्रिया कुजूर

फॉरवर्ड : बिनिमा धन, हिना बानो, लालरिंपुइ, इशिका, संजना होरो, सोनम, कनिका सिवाच।

# अश्विन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

नई दिल्ली (ईएमएस)। राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हुए लीग मुकाबले में तीन विकेट लेकने के साथ ही एक अहम उपलब्धि भी अपने नाम कर ली है। अब सैमसन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सबसे अधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गये हैं। सैमसन ने अब तक 27 विकेट लिए हैं जबकि इससे पहले पीयूष चावला ने भी दिल्ली के खिलाफ इतने ही विकेट लिए थे। इस अहम मुकाबले में अश्विन ने 24 रन देकर 3 विकेट लिए। अश्विन ने अब तक सत्र के 10 मैचों में 5 विकेट ही लिए हैं। वहीं बल्लेबाजी के दौरान उन्होंने दिल्ली के खिलाफ सबसे अधिक 29 रन बनाए थे। वह इस सत्र में विकेट न ले पाने के कारण आलोचकों के निशाने पर भी रहे थे।

आईपीएल में दिल्ली के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में तीसरे स्थान पर जसप्रीत बुमराह हैं। उनके नाम 26 विकेट हैं जबकि हरभजन सिंह के नाम 24 और सुनील नरेन के नाम भी इतने ही विकेट हैं। वहीं अश्विन ने अपने प्रदर्शनक को लेकर कहा कि कभी-कभी ऐसा होता है कि आप फुल टॉस गेंदबाजी करते हैं तो भी विकेट मिल जाता है। अभी मैं कुछ चीजों पर काम कर रहा हूं। यह आईपीएल सत्र काफी असाधारण रहा है। मैं विभिन्न कोणों और रिलीज पर काम कर रहा हूं।

# आईपीएल 2024 : सैमसन को आउट दिये जाने पर सवाल उठाये

नई दिल्ली (ईएमएस)। आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के आउट होने पर सवाल उठे हैं। इस मैच में राजस्थान को दिल्ली के हाथों हार का सामना करना करना पड़ा है। सैमसन ने 8 चौके और 6 छक्के लगाकर 46 गेंदों पर 86 रन बनाये। वहीं उनका स्ट्राइक रेट 186.95 का रहा. सैमसन 16वें ओवर में मुकेश कुमार की शाई होप के हाथों कैच हुए हालांकि सैमसन और टीम के प्रशंसकों का मानना है कि होप का पैर कैच पकड़ने के दौरान ही बाउंड्री लाइन पर पहुंच गया था, इसलिए वह आउट नहीं थे। इसके बाद भी तीसरे अंपायर ने सैमसन को आउट दे दिया। सैमसन ने इस मामले में मैदानी अंपायर से बात की पर अंपायर ने अपना फैसला नहीं बदला। इस मैच में सैमसन के आउट होने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक पार्थ जिंदल की प्रतिक्रिया से भी विवाद हुआ है। इस मामले में जब सैमसन ने मैदानी अंपायर के सामने विरोध व्यक्त किया तो जिंदल ने आउट है, आउट है जैसी बातें कहीं। जिंदल की इस प्रतिक्रिया की सोशल मीडिया यूजर्स ने जमकर आलोचना की है। वहीं इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने 8 विकेट पर 221 रन बनाए हालांकि संजू की पारी के बाद भी टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पायी।

# शेयर बाजार में मिलाजुला कारोबार

सेंसेक्स में गिरावट , निफ्टी सपाट बंद

मुम्बई ( ईएमएस )। घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को मिश्रित कारोबार हुआ। बीएसई सेंसेक्स में हल्की गिरावट रही। वहीं एनएसई निफ्टी में सपाट कारोबार हुआ। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के बीच ही निवेशकों ने भी सावधानी बरती।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 45.46 अंक करीब 0.06 फीसदी की गिरावट के साथ 73,466.39 अंक पर बंद हुआ। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ( के निफ्टी में कोई भी बदलाव नहीं आया। निफ्टी दिन के अंत में 22,302.50 अंक पर बंद हुआ।

वहीं गत दिवस मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया था। निवेशकों ने विभिन्न सेक्टरों में शेयर बेचे।

बीएसई सेंसेक्स इंट्राडे में 611 अंक ऊपर आने के बाद 45 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों ने अच्छा प्रदर्शन किया, क्योंकि वे क्रमशः 0.78 फीसदी और 0.5 फीसदी ऊपर आये।

शेयरों का मूल्यांकन ऊंचा होने को लेकर चिंता के बीच एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से भी बाजार टूटा था। वहीं इससे पहले आज सुबह

बाजार गिरावट के साथ खुला। आज सुबह तीस शेयरों पर अधारित बीएसई सेंसेक्स 0.47 फीसदी करीब 347 अंक नीचे आकर 73,164.16 पर खुला। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 50 0.47 अंक तकरीबन 104 अंक नीचे आकर 22,198.10 के स्तर पर खुला। कारोबार के दौरान बीएसई पर मारुति सुजुकी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी और एशियन पेंट्स के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। इसी प्रकार एनएसई में मारुति सुजुकी, कोल इंडिया के शेयर लाभ में रहे जबकि डॉ. रेड्डी, ग्रासिम के शेयर सबसे अधिक गिरे।

वहीं व्यापक बाजारों में निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप 0.33 फीसदी और 0.21 फीसदी नीचे आये। आज निफ्टी रियल्टी में सबसे ज्यादा 1.38 फीसदी की गिरावट रही। इसके बाद कंज्यूमर डयूरेबल्स में 1.19 फीसदी की गिरावट और फार्मा में 0.69 फीसदी की गिरावट रही। इसके अलावा पीएसयू बैंक के शेयर 0.84 फीसदी ऊपर आये। आज सुबह गिफ्ट निफ्टी 22,400 के नीचे आया। इसके अलावा एशिया-प्रशांत शेयर बाजारों में मिला-जुला कारोबार हुआ। जापान के निक्केई 225 में 1 फीसदी की गिरावट रही जबकि व्यापक इंडेक्स 0.88 फीसदी तक गिरा। दक्षिण कोरिया के कोस्पी में हल्की गिरावट दर्ज की गई जबकि ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.08 फीसदी बढ़ा।

दूसरी ओर वॉल स्ट्रीट पर अमेरिकी शेयरों में मिला-जुला कारोबार दर्ज किया गया। इसमें डॉव जोन्स और एसएंडपी 500 में 0.08 फीसदी और 0.13 फीसदी की हल्की बढ़त आई। इसके अलावा नैस्डैक 0.10 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ।

# सेविंग अकाउंट पर ऑटो स्वीप सर्विस से पाएं तीन गुना ब्याज!

- इस सर्विस में मैन्युअली एफडी में रकम ट्रांसफर करने की झंझट नहीं

नई दिल्ली,( ईएमएस )। बैंक में पैसा रखना लोग सुरक्षित मानते हैं इसको लेकर अमीर-गरीब सब बैंक में सेविंग करते हैं ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। बैंक जमा रुपय का आपको ब्याज भी मिलता है, लेकिन आप अपने सेविंग अकाउंट या करंट अकाउंट पर भी ज्यादा ब्याज पा सकते हैं। हर बैंक अपने ग्राहकों को एक खास सुविधा देता है, लेकिन कई लोगों को इसके बारे में जानकारी ही नहीं होती है। इस सर्विस का नाम है ऑटो स्वीप सर्विस। इसके जरिए आप अपने अकाउंट पर तीन गुना तक ज्यादा ब्याज पा सकते हैं। इस फायदे को पाने के लिए आपको बैंक में जाकर बस इस सर्विस को इनेबल कराने के लिए कहना होगा।

ऑटो स्वीप सर्विस एक ऐसी सुविधा है, जो ग्राहकों को सरप्लस फंड पर ज्यादा ब्याज पाने में मददगार साबित होती है। इसे इनेबल कराते हैं, तो फिर आपके सेविंग अकाउंट में जमा राशि को एक तय की गई सीमा से ज्यादा होने या सरप्लस फंड होने की स्थिति में उसे अपने आप एफडी में ट्रांसफर कर दिया जाता है। ऐसे में आपको सेविंग अकाउंट पर मिलने वाले ब्याज के बजाय बैंक एफडी पर मिलने वाले ब्याज रेट का फायदा मिल जाता है।

बैंक की ओर से दी जाने वाली यह सर्विस अगर आपने अपने सेविंग अकाउंट पर ऑटो स्वीप सर्विस इनेबल की है, तो इस सर्विस के साथ खोले गए अकाउंट पर आपको ज्यादा ब्याज मिल सकता है। दरअसल, जब आपके सेविंग या करंट अकाउंट में जमा राशि स्वीप लिमिट के पार निकल जाती है, तो ऑटो स्वीप सुविधा सक्रिय हो जाती है। इस पर गौर करें, तो इसमें आपको अपने अकाउंट में एक लिमिट सेट करनी होती है और इसके बाद आपका जमा सीधे एफडी में बदल जाता है।

अगर आपने अकाउंट में 20,000 रुपए की लिमिट तय की है और इस अकाउंट में 60,000 रुपए डिपॉजिट कर दिए हैं, तो फिर इस सर्विस से 20 हजार रुपए से ज्यादा वाली राशि यानी 40,000 का एडिशनल अमाउंट एफडी में बदल जाता है और इस रकम पर संबंधिक बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिल रहे ब्याज के हिसाब से ब्याज मिलेगा। जबकि 20,000 रुपए के जमा पर सेविंग अकाउंट पर तय किया गया ब्याज ही मिलेगा।

बैंक अकाउंट पर ऑटो स्वीप सर्विसेज में जहां आप एफडी के बराबर का ब्याज पा सकते हैं, इसके साथ ही इस सर्विस के और भी कई फायदे हैं। आपके अकाउंट में जमा रुपए पर ज्यादा रिटर्न मिलने से ग्राहक और ज्यादा सेविंग करने के लिए प्रेरित होता है। इससे लोगों की नियमित सेविंग में भी इजाफा होता है। साथ ही इस सुविधा के जरिए आप अपने खर्चों को भी ट्रैक कर सकते हैं और बजट भी सेट कर सकते हैं। ऑटो स्वीप सर्विस में आपको मैन्युअली एफडी में रकम ट्रांसफर करने के झंझट से छुटकारा मिल जाता है, क्योंकि ये एक ऑटोमैटिक प्रोसेस है।

आमतौर पर एक बैंक अकाउंट में सेविंग्स पर बैंक औसतन 2.5 फीसदी का ब्याज देता है, हालांकि, ये अलग-अलग बैंकों में अलग-अलग होता है। वहीं एफडी पर ब्याज दर औसतन 6.5 से 7 फीसदी तक मिलता है यानी अकाउंट में जमा राशि पर ही तीन गुना तक ज्यादा ब्याज का फायदा, लेकिन सेविंग अकाउंट की तरह ही ट्रीट कर सकते हैं, यानी एफडी में कन्वर्ट होने वाले पैसे को आप जब चाहें निकाल सकते हैं, जबकि फिक्स्ड डिपॉजिट पर मैच्योरिटी पीरियड पूरा होने से पहले निकासी नहीं कर सकते हैं। इसका मतलब है कि ऑटो स्वीप सर्विस एक्टिव होने से आप अपनी सेविंग पर एफडी जितना ब्याज तो पा ही सकते हैं, साथ ही इसका इस्तेमाल अपने अकाउंट सेविंग की तरह ही कर सकते हैं।

# भारत में यात्री वाहनों की बिक्री में अप्रैल में 27 फीसदी हुई बढ़ोतरी

फाडा ने कहा- बेहतर मॉडलों और त्यौहार के चलते मिला समर्थन

नई दिल्ली,( ईएमएस )। भारत में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 27 फीसदी बढ़कर 22,06,070 यूनिट पर पहुंच गई। उद्योग निकाय फाडा ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि अप्रैल 2023 में कुल वाहन का पंजीयन 17,40,649 यूनिट रहा। यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले माह 16फीसदी बढ़कर 3,35,123 यूनिट पर पहुंच गई, जबकि 2023 में अप्रैल में ही यह 2,89,056 यूनिट थी। इसी तरह अप्रैल में दोपहिया वाहनों का पंजीकरण 33 फीसदी बढ़कर 16,43,510 यूनिट हो गया, जबकि अप्रैल 2023 में यह 12,33,763 यूनिट था।

अप्रैल में वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर दो फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह 90,707 यूनिट पर पहुंच गई। अप्रैल में तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर नौ फीसदी बढ़कर 80,105 यूनिट हो गई, जबकि ट्रैक्टरों की बिक्री एक प्रतिशत बढ़कर 56,625 यूनिट हो गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ( फाडा ) के अध्यक्ष मनीषराज सिंघानिया ने कहा कि यात्री वाहन में सालाना दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की गई, जिसे मॉडलों की बेहतर उपलब्धता और त्यौहार के चलते समर्थन मिला। फाडा के अनुसार, उसने देशभर के 1,503 आरटीओ में से 1,360 से वाहन खुदरा आंकड़े इकट्ठे किए हैं।

# आज 29 कंपनियां करेंगी चौथी तिमाही में हुई कमाई का ऐलान

मुंबई,( ईएमएस )। शेयर बाजार में आज 29 कंपनियां वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के अपने नतीजों का ऐलान करने वाली हैं। निवेशकों की नजर प्रमुख रूप से लार्सन एंड टुब्रो, टीवीएस मोटर, हीरो मोटोकॉर्प, भारत फोर्ज और बजाज कंज्यूमर केयर के प्रदर्शन पर लगी हुई है। 6 मई से शुरू हुए और 12 मई को खत्म होने वाले इस सप्ताह में कुल 260 कंपनियां तिमाही नतीजों का ऐलान करेंगी।

लार्सन एंड टुब्रो, द टाटा पावर कंपनी, केनरा बैंक, टीवीएस मोटर कंपनी, हीरो मोटोकॉर्प, भारत फोर्ज, बीएसई लिमिटेड, एसकेएफ इंडिया, पीरामल एंटरप्राइजेज, कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल, कैपरी ग्लोबल कैपिटल, गुजरात स्टेट पेट्रोनेट, किर्लोस्कर ऑयल इंजन, वेस्टलाइफ फूडवर्ल्ड, गोदरेज एग्रोवेट, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया, एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड, बालाजी एमाइंस, विजया डायग्नोस्टिक सेंटर, स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज, इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन, सुला वाइनयार्ड्स, बजाज कंज्यूमर केयर, डेटामैटिक्स ग्लोबल सर्विसेज, ग्रीव्स कॉटन, ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक, ऑटोमोबाइल कॉर्प ऑफ गोवा ( एसीजीएल ), जे जी केमिकल्स और नेपेरोल इन्वेस्टमेंट्स 8 मई को अपनी चौथी तिमाही के परिणामों का ऐलान करेंगी।

# रूसी तेल पर छूट घटी तो कंपनियों का सकल रिफाइनिंग मार्जिन कम हुआ

-दो साल पहले तक भारत सबसे ज्यादा कच्चा तेल इराक से खरीदता था

मास्को,( ईएमएस )। रूस ने कच्चे तेल के दाम पर छूट कम कर दी है और इराक भारत पहुंचने वाले तेल में अपनी पैठ दोबारा बनाने कम कीमत पर कच्चा तेल दे रहा है। इस कारण देसी रिफाइनरियां इराक से ज्यादा तेल मंगा रही हैं। उद्योग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि रूस से कच्चे तेल का आयात महंगा होने के कारण वित्त वर्ष 2023-24 की आखिरी तिमाही में तेल कंपनियों का सकल रिफाइनिंग मार्जिन कम हुआ है।

सीमा शुल्क के आंकड़ों के आधार पर गणना बताती है कि 2023-24 में रूस का तेल इराक के कच्चे तेल से करीब 3 डॉलर प्रति बैरल सस्ता था, जबकि उससे पिछले वित्त वर्ष में यह 7 डॉलर प्रति बैरल सस्ता पड़ रहा था। दो साल पहले तक भारत सबसे ज्यादा कच्चा तेल इराक से ही खरीदता था मगर रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद लगे प्रतिबंधों के कारण रूस को अपना तेल चीन और भारत को बहुत कम दाम पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

भारत ने मौके का पूरा फायदा उठाया और रूस से ज्यादा तादाद में तेल खरीदा। इस कारण रूस पिछले वित्त वर्ष में भारत को सबसे ज्यादा तेल बेचने वाला देश बन गया। वित्त वर्ष 2024 में रूस से औसतन 76.4 डॉलर प्रति बैरल पर कच्चे तेल का आयात किया, जबकि इराक से तेल आयात की लागत 79 डॉलर प्रति बैरल थी। वित्त वर्ष 2023 में इराक के तेल का औसत भाव 90.6 डॉलर प्रति बैरल था जबकि रूस से तेल 83.2 डॉलर प्रति बैरल पड़ा था। पिछले वित्त वर्ष में वेनेजुएला के कच्चे तेल का भाव सबसे कम 64 डॉलर प्रति बैरल था। मगर गुणवत्ता खराब होने, भारी होने और गंधक ज्यादा होने के कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज के जामनगर संयंत्र जैसी उन्नत रिफाइनरियों में ही प्रोसेस किया जा सकता है।

इराक से कच्चे तेल के दाम 2024 में घट गए। मार्च में इराकी बेंचमार्क बसरा ऑयल रूस के कच्चे तेल से 2 डॉलर प्रति बैरल सस्ता था। सीमाशुल्क विभाग के आंकड़े बताते हैं कि मार्च में इराकी तेल की औसत कीमत 78.6 डॉलर प्रति बैरल और रूसी तेल की कीमत 80.6 डॉलर प्रति बैरल थी। मुंबई के एक रिफाइनर ने कहा कि भारतीय रिफाइनरियां हेवी ग्रेड वाला बसरा क्रूड खरीद रही हैं, जिस पर छूट मिल रही है।

उद्योग सूत्रों ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 में रूसी तेल पर छूट आधी रह जाने से उसके और इराक के तेल के भाव का अंतर भी कम हो गया। रूस के तेल पर भारत को मिलने वाली छूट वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में करीब 77 फीसदी घट गई। सार्वजनिक क्षेत्र की एक रिफाइनरी के एक अधिकारी ने बताया कि वित्त वर्ष 2023 में प्रति बैरल 10.5 डॉलर की छूट मिल रही थी जो पिछले वित्त वर्ष में घटकर 5.8 डॉलर प्रति बैरल रह गई। उद्योग के एक अधिकारी ने कहा कि रूस पर नए अमेरिकी प्रतिबंधों का रूस के करीब 10 फीसदी जहाजों पर असर पड़ा है।

मुंबई की एक रिफाइनरी के अधिकारी ने कहा कि भारतीय रिफाइनरियों के करार के मुताबिक रूस को खरीदा तेल यहां तक पहुंचाना पड़ता है और माल भाड़े या बीमा में कोई भी इजाफा छूट में से काट दिया जाता है। रुस से कच्चे तेल पर मिल रही छूट कम ही रही और भाव 85 डॉलर प्रति बैरल रहा तो वित्त वर्ष 2025 में देश का शुद्ध तेल आयात बिल बढ़कर 101 अरब से 104 अरब डॉलर तक हो सकता है, जो वित्त वर्ष 2024 में 96.1 अरब डॉलर ही था।' उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है।

# सिसोदिया की जमानत याचिका पर13 को सुनवाई

नई दिल्ली ( ईएमएस )। शराब नीति केस में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट अब 13 मई को सुनवाई करेगा। ईडी और सीबीआई के वकीलों ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से कहा कि हमें जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय चाहिए। जांच एजेंसी के वकीलों ने कहा कि हमारे जांच अधिकारी व्यस्त हैं। सुप्रीम कोर्ट में इसी मामले में एक अन्य आरोपी के मामले को भी हम देख रहे हैं, इसलिए हमें जवाब दाखिल करने के लिए 7 दिन का समय दीजिए। मनीष सिसोदिया के वकील विवेक जैन से जांच एजेंसी की मांग का विरोध किया। उन्होंने कहा- एजेंसीज डेढ़ साल से अधिक समय से इसकी जांच कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के सामने उन्होंने कहा, हम 6 महीने के अंदर ट्रायल खत्म कर देंगे। ट्रायल कोर्ट के समक्ष जमानत याचिका को कई बार स्थगित भी किया गया था।

# उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

बारिश या क्लाउड सीडिंग के भरोसे नहीं बैठ सकते

नई दिल्ली( ईएमएस )। उत्तराखंड के जंगलों में आग को रोकने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम बारिश या क्लाउड सीडिंग के भरोसे हाथ पर हाथ धरे बैठे नहीं रह सकते। सरकार को कारगर रूप से कुछ करना होगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने आग लगने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए इन पर शीघ्र लगाम लगाने के लिए सरकार को आदेश देने की गुहार लगाई।

वकील ने कहा कि दो साल पहले भी एनजीटी में याचिका लगाई थी। अब तक सरकार ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। इसलिए मुझे यहां आना पड़ा। ये मामला अखिल भारतीय है। उत्तराखंड इससे अधिक पीडित है। सरकार की ओर से दावाग्नि की घटनाओं और उसे काबू करने के उपायों की तफसील बताई।

हालात ज्यादा गंभीर

सरकार ने कहा कि अब तक जंगलों में आग की 398 घटनाएं रजिस्टर की गई हैं। 350 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें 62 लोगों को नामजद किया गया है। 298 अज्ञात लोगों की पहचान की कोशिश जारी है। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया गया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि सरकार जितने आराम से ब्योरा दे रही है हालात उससे ज्यादा गंभीर हैं। जंगल में रहने वाले जानवर, पक्षी और वनस्पति के साथ आसपास रहने वाले निवासियों के अस्तित्व को भी भीषण खतरा है। जस्टिस गवई ने कहा कि क्या हम इसमें सीईसी यानी सेंट्रल एंपावर्ड कमिटी को भी शामिल कर सकते हैं?

हम बारिश के भरोसे बैठे नहीं रह सकते

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार से कहा कि आपने देखा होगा कि मीडिया में जंगलों में आग की कैसी भयावह तस्वीरें आ रही हैं। राज्य सरकार क्या कर रही है? उत्तराखंड के जंगलों में आग को लेकर जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि हम बारिश और क्लाउड सीडिंग के भरोसे बैठे नहीं रह सकते। सरकार को आगे बढक़र शीघ्र ही कारगर उपाय करने होंगे। उत्तराखंड सरकार ने कहा कि अभी दो महीने आग का सीजन रहता है। हर चार साल में जंगल की आग का भीषण दौर आता है। इसके बाद अगले साल कम फिर और कम घटनाएं होती जाती हैं। चौथे साल ये फिर काफी ज्यादा होती हैं। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में हमें देखना होगा कि केंद्रीय उच्चाधिकार समिति को कैसे शामिल किया जा सकता है। अब कोर्ट 15 मई को अगली सुनवाई करेगा।

छह महीने में खाक हुआ 1,145 हेक्टेयर जंगल

उत्तराखंड में नवंबर से लेकर अब तक 9 सौ से ज्यादा आग लगने की घटनाएं हो चुकीं। इस बार मामला ज्यादा गंभीर है क्योंकि पिछले साल से लगी आग बुझने का नाम ही नहीं ले रही। आंकड़ों के अनुसार पिछले छह महीनों में वाइल्डफायर की वजह से 1,145 हेक्टेयर जंगल खाक हो चुका। आग अब शहर पर भी असर डाल रही है। धुएं से दिखाई देना कम हो चुका। इस बीच तमाम कोशिशें हो रही हैं। यहां तक कि एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर भी अलग तकनीक से आग बुझाने में लगे हुए हैं।

# पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत का सिलसिला बरकरार रखने उतरेगी आरसीबी

मोहाली ( ईएमएस )। पंजाब किंग्स की टीम आईपीएल में गुरुवार को अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ( आरसीबी ) से मुकाबला करेगी। पंजाब की टीम इस मैच में जीत दर्ज करना चाहेगी हालांकि उसके लिए ये आसान नहीं रहेगा। इस कारण है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ( आरसीबी ) ने शुरुआती असफलता के बाद लय हासिल करते हुए लगातार मैचों में जीत दर्ज की है। इससे टीम का उत्साह भी बढ़ा है। ऐसे में आरसीबी की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला बनाये रखना चाहेगी। उसने पिछले तीन मैचों जीत दर्ज की है जिससे उसका हौंसला बढ़ा है। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के साथ ही कप्तान फाफ डु प्लेसिस भी अच्छे फार्म में आ गये हैं जिससे टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही है। टीम की गेंदबाजी भी अब लय में आ रही है।

आरसीबी के 11 मैच में आठ अंक हैं और अगर वह अपने बाकी बचे तीनों मैच जीत लेती है तो उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की हल्की सी उम्मीदें बन जाएंगी। दूसरी ओर पंजाब किंग्स की स्थिति भी ऐसी ही है। टीम 11 मैच में आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर है। सत्र के पहले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत और पिछले तीन मुकाबले जीतने के बाद आरसीबी की टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है।

विराट शीर्ष पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि डुप्लेसी ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं विल जैक्स ने पिछले मैच में गुजरात टाइटंस के दौरान शतक लगाया कैमरन ग्रीन ने सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंड प्रदर्शन किया। टीम के गेंदबाज भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

उसके तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज अंततः लय में लौट आए हैं। इसके अलावा यश दयाल और विजयकुमार विशाक ने भी टाइटंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं पंजाब किंग्स को पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह इस मैच में उतरते समय दबाव में रहेगी। आत्मविश्वास कम होगा।

पंजाब किंग्स ने गेंदबाजों ने जहां सुपरकिंग्स के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं उसक बल्लेबाज विफल रहे। पंजाब किंग्स के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी दिखी। टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स और सुपरकिंग्स को उन्हीं के मैदान पर हराकर और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उन्होंने सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया पर वह घरेलू मैदान पर नाकाम रही है

उन्होंने अपने मुख्य घरेलू मैदान मुल्लांपुर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीता। अब टीम किस भी प्रकार ये मैच जीतन चाहेगी। टीम की बल्लेबाजी जॉनी बेयरस्टो , लियाम लिविंगस्टोन के अलावा निचले क्रम के बल्लेबाजों शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा पर आधारित रहेगी। शशांक और आशुतोष ने इस सत्र में काफी प्रभावित किया है। उसकी गेंदबाजी की कमान अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल और स्पिनर राहुल चाहर संभालेंगे।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

पंजाब किंग्सः सैम कुरेन ( कप्तान ), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोरः फाफ डु प्लेसिस ( कप्तान ), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ली,हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्युसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

# जेलेंस्की की हत्या की रुसी साजिश की कोशिश नाकाम

कीव ( ईएमएस )। यूक्रेनी खुफिया रोधी जांचकर्ताओं ने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अन्य शीर्ष सैन्य और राजनीतिक हस्तियों की हत्या करने की रूसी साजिश को नाकाम कर दिया है। यूक्रेन की राज्य सुरक्षा सेवा ने यह दावा किया।

बयान में कहा गया है कि शीर्ष अधिकारियों की सुरक्षा करने वाले यूक्रेन के स्टेट गार्ड के दो कर्नल को रूस की संघीय सुरक्षा सेवा द्वारा तैयार की गई साजिश को अंजाम देने की कोशिश करने के संदेह में हिरासत में लिया गया है।

बयान के मुताबिक, फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद इन संदिग्ध अधिकारियों की भर्ती हुई थी। विज्ञप्ति में राज्य सुरक्षा सेवा के प्रमुख वासिल मलियुक के हवाले से कहा गया है कि पांचवें कार्यकाल के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन के शपथ से पहले इस हमले को अंजाम देने की साजिश रची गई थी।

मलियुक ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से साजिश से जुड़े तथ्यों की जांच के लिए शीर्ष स्तर पर गुप्त ऑपरेशन का निरीक्षण कर रहे हैं।

# ब्रिटेन का लाल ग्रह पर जाने का इरादा, चल रही है तैयारी

-स्पेस साइंटिस्ट ने 'मंगल ग्रह' का किया निर्माण

लंदन ( ईएमएस )। अब ब्रिटेन अंतरिक्ष के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, यहां कि अब तो मंगल ग्रह पर जाने की ही तैयारी है। यहां के स्पेस साइंटिस्ट ने स्टीवनेज में 'मंगल ग्रह' का निर्माण किया है। फ्रांसीसी एयरोस्पेस दिग्गज एयरबस ने अपने एक्सोमार्स रोवर का परीक्षण करने के लिए हर्टफोर्डशायर शहर में एक औद्योगिक संपत्ति पर 2.25 करोड़ किमी दूर ग्रह की सतह के जैसे हालात बनाने के लिए लाल रेत और चट्टानों का उपयोग किया है।

2028 में यान मंगल ग्रह पर पानी और संभावित जीवन के संकेत खोजने के मिशन पर रवाना होगा। एयरबस ने स्टीवनेज में रोवर का निर्माण किया है, जो यूके में अंतरिक्ष क्षेत्र में 3,500 लोगों को रोजगार देता है। कंपनी शीघ्र ही यूरोपीय स्पेस एजेंसी के साथ उस लैंडिंग मॉडयूल के लिए थ्रस्टर्स बनाने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करेगी जिसकी आपूर्ति रूसियों को यूक्रेन पर आक्रमण करने से पहले करनी थी। इस बीच इसके प्रदर्शन को इसके विशेष रूप से निर्मित ब्रिटिश 'मार्स यार्ड' में तैयार किया जाएगा। एयरबस के एक्सप्लोरेशन रोवर्स प्रोग्राम मैनेजर क्रिस ड्रेपर ने कहा कि इसका अंतरिक्ष अभियान ''यूके में हमारे लिए एक वास्तविक सफलता की कहानी'' रहा है। उन्होंने कहा, ''स्टीवनेज में रोवर का निर्माण करने के बाद अब हम लैंडर को डिजाइन करने का एक बड़ा हिस्सा होंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह सुरक्षित रूप से नीचे उतर सके।'' यह परियोजना एक संपन्न यूके अंतरिक्ष उद्योग का हिस्सा है जो 50,000 लोगों को रोजगार देता है और देश की धरती से एक भी रॉकेट लॉन्च किए बिना अर्थव्यवस्था में हर साल 18 खरब 34 अरब 56 करोड़ रूपये पंप करता है।

ब्रिटेन का कोई अंतरिक्ष कार्यक्रम नहीं है, लेकिन 2015 से इस क्षेत्र में दुनिया के निजी निवेश का 17 प्रतिशत प्राप्त हुआ है। यह अमेरिका के बाद दूसरा है। 2030 तक 100,000 उपग्रहों के कक्षा में स्थापित होने की उम्मीद के साथ, ब्रिटिश कंपनियां पृथ्वी के चारों ओर घूमते समय उनकी सेवा करने का विचार तलाश रही हैं। 2031 तक बाजार 11 खरब, 53 अरब 16 करोड़ रुपयों का होने की उम्मीद है। बता दें कि एक समय था पृथ्वी के लगभग अधिकांश देशों पर अंग्रेजों का राज था। लेकिन पृथ्वी से बाहर जाने में अंग्रेजों कभी रुचि नहीं दिखाई। पर अब लगता है हालात बदल रहे हैं।

# पाकिस्तान में टारगेटेट हत्याओं के पीछे भारत का हाथ!

- आईएसपीआर के डीजी मेजर जनरल चौधरी ने लगाया आरोप

इस्लामाबाद,( ईएमएस )। आईएसपीआर के डीजी मेजर जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि हाल में हुई टारगेटेड हत्याओं में पाकिस्तान के पास भारत के शामिल होने के पक्के सबूत हैं। चौधरी ने रावलपिंडी में जनरल मुख्यालय में मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि भारत की हत्या का सिलसिला अब कई देशों में फैल गया है। दूसरे देश में सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से लेकर, भारत पाकिस्तान में लोगों की हत्याओं में शामिल रहा है।

मेजर जनरल ने कहा कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियां सीमा पर आक्रामकता दिखाकर और साथ ही पाकिस्तान विरोधी चुनावी कहानी बनाकर अपने आंतरिक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की भारत की योजना से वाकिफ हैं। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा लोकसभा चुनावों के दौरान जम्मू-कश्मीर में लोगों की राय को दबाने की भारत की योजना भी साफ नजर आती है। उन्होंने कहा कि पांच दिनों में पांच सीटों के चुनाव का उद्देश्य केवल कश्मीरियों की आवाज को दबाना और चुनाव परिणाम में हेरफेर करना है।

अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सुरक्षा के सवाल पर चौधरी ने कहा कि अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ एक आरोप पत्र जारी किया। इसमें दावा किया गया कि देश में 90 फीसदी से ज्यादा आतंकवादी हमलों को अफगानिस्तान द्वारा बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ( टीटीपी ) को अफगानिस्तान सहयोग, सुविधा प्रदान करता है। अफगान नागरिक पाकिस्तान में आतंकी हमलों को अंजाम दे रहे हैं। हमने कई अफगान आतंकवादियों को मार गिराया है।

उन्होंने कहा कि बेशाम में चीनी इंजीनियरों पर हमले में एक आत्मघाती अफगानी हमलावर शामिल था। हमले में पांच चीनी नागरिकों और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई थी। हमले में शामिल वाहन भी अफगानिस्तान में तैयार किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि ग्वादर और बलूचिस्तान के अन्य हिस्सों में हुए हमलों में अफगान नागरिक और बलूच लिबरेशन आर्मी ( बीएलए ) के आतंकी शामिल थे। उन्होंने कहा कि ऐसे समूहों के साथ कोई बातचीत नहीं हो सकती, जो देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए खतरा हैं।

# तूफान से पांच लोगों की मौत...मरने वालों का कुल आंकड़ा 90 पहुंचा

साओ पाउलो ( ईएमएस )। दक्षिण ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में पिछले 24 घंटों में तूफान से पांच लोगों की मौत हुई है। जिसके बाद प्रांत में बारिश और बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या 90 हो गई है।

राज्य की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने यह जानकारी दी। उरुग्वे और अर्जेंटीना की सीमा से लगे राज्य में रिकॉर्ड बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 132 लोग लापता हुए हैं और 361 घायल हुए हैं। पिछले आठ दिनों में 2,00,000 से अधिक निवासियों को घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

राजधानी पोर्टो एलेग्रे सहित राज्य के 497 शहरों में से 388 में 14 लाख से अधिक लोग आपदा से प्रभावित हुए हैं। शहर की 85 प्रतिशत से अधिक आबादी को पीने योग्य पानी नहीं मिल पा रहा है। राज्य भर में कक्षाएं निलंबित कर दी गई हैं, क्योंकि 790 स्कूल बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, 388 को नुकसान हुआ है और अन्य 52 स्कूल निकाले गए लोगों को आश्रय दे रहे हैं।

# एस्ट्राजेनेका कंपनी ने कोरोना वैक्सीन वापस लेने का लिया फैसला

- भारत में भी इस कंपनी की करोड़ों लोगों को लगी है वैक्सीन

लंदन,( ईएमएस )। कोरोना वैक्सीन को लेकर पूरी दुनिया में हाहाकार मचा हुआ है। वैक्सीनी को लेकर उठे विवाद के बीच दवा निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपनी कोरोना वैक्सीन को वापस लेनी शुरू कर दी है। कंपनी ने कहा है कि यूरोपीय यूनियन के देशों से अपनी कोरोना वैक्सीन वैक्सजेवरिया को वापस ले रही है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक आने वाले दिनों में ब्रिटेन और दूसरे देशों में भी वैक्सीन को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कंपनी ने यह फैसला ऐसे समय लिया जब फरवरी में उसने ब्रिटेन की कोर्ट में वैक्सीन के चलते गंभीर बीमारी होने की बात स्वीकार की है। हालांकि, एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन को वापस लेने के पीछे व्यावसायिक कारणों को वजह बताया है। भारत में भी एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन करोड़ों लोगों को लगी है। कोरोना वैक्सीन को लेकर भारत में भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है।

एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन वापस लेने पर कहा कि यह फैसला इसलिए किया है क्योंकि अब कई प्रकार के नए टीके उपलब्ध हैं जिन्हें कोविड-19 वेरिएंट को लक्षित करने के लिए तैयार किया है। इसमें कहा गया है कि अब वैक्सीन का निर्माण या आपूर्ति नहीं की जा रही है, इसकी जगह नए वेरिएंट से निपटने वाले अपडेटेड टीकों ने ले ली है। भले कंपनी विवाद टीके को वापस लेने को महज संयोग बता रही है लेकिन इसकी कोरोना वैक्सीन गहन जांच के दायरे में है।

कंपनी के खिलाफ ब्रिटेन की कोर्ट में मामला दायर किया गया है, जिसमें कहा गया है कि इस कंपनी की कोरोना वैक्सीन खून में थक्का जमने और खून में कम प्लेटलेट की वजह बनती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन में कथित तौर पर इस टीके को लगवाने के बाद 81 लोगों की मौत हुई है, जबकि सैकड़ों लोग को गंभीर साइड इफेक्ट हुए हैं। कंपनी ने अदालत में दस्तावेज जमा किए जाने के बाद 5 मार्च को यूरोपीय यूनियन में वैक्सीन को वापस लेने के लिए आवेदन किया था, जो 7 मई से प्रभावी हुआ है।

# इलेक्ट्रिक कार में हो सकता है विस्फोट....शख्स को अस्पताल में नहीं मिली पार्किंग

लंदन ( ईएमएस )। दुनिया भर में इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की कवायद हो रही है। ताकि पेट्रोल पर निर्भरता को कम करने के साथ ही पर्यावरण को भी सुरक्षित रखा जा सके। लेकिन हाल ही में एक बेहद ही हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां एक व्यक्ति अपने बीमार बच्चे को लेकर हॉस्पिटल गया। लेकिन व्यक्ति को अस्पताल के कार पार्किंग में जगह नहीं मिली क्योंकि उसकी कार इलेक्ट्रिक थी। ईवी कार को हॉस्पिटल के पार्किंग गार्ड ने यह कहकर बाहर का रास्ता दिखा दिया कि, उसकी कार में विस्फोट हो सकता है।

दरअसल, ये मामला इंग्लैंड के लीवरपूल इलाके का है। जहां के निवासी पॉल फ्रीमैन-पॉवेल बीते दिनों अपने बीमार बेटे को लेकर एल्डर हे अस्पताल गया। जब फ्रीमैन कार पार्किंग में अपनी कार लगा रहे थें, तभी मौजूद गार्ड ने उन्हें कार पार्किंग में जगह देने से इंकार किया। इस बारे में फ्रीमैन ने लिखा है कि, उन्हें गार्ड ने इसलिए कार पार्क करने से मना कर दिया क्योंकि उनकी कार इलेक्ट्रिक थी।

फ्रीमैन ने लिखा है कि, सिक्योरिटी गार्ड का कहना है कि इलेक्ट्रिक वाहनों की पार्किंग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कार की बैटरी मेटल कार पार्क के साथ रिएक्ट कर सकती हैं जिससे आग लगने और विस्फोट होने का खतरा है।

रिपोर्ट्स के अनुसार मामले में अस्पताल के मैनेजमेंट का कहना है कि, उन्होनें अपने छोटे कार पार्किंग में से एक हिस्से में अस्थाई रूप से ( टेंपरेरी ) प्रतिबंध लगाया था। क्योंकि कुछ समय के लिए उस लॉट के स्प्रिंकलर सिस्टम को अपग्रेड किया जा रहा था। अस्पताल ने कहा कि मर्सीसाइड फायर एंड रेस्क्यू की सलाह पर उन्होनें छोटे कार पार्कों में से एक में इलेक्ट्रिक वाहनों की पार्किंग को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया है।

बताया जा रहा है कि, इस अस्पताल के मेन पार्किंग में 14 इलेक्ट्रिक वाहनों को पार्क करने की व्यवस्था है। इतना ही नहीं यहां पर इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने की भी सुविधा दी गई है।

एक स्टडी की मुताबिक पेट्रोल-डीजल और इलेक्ट्रिक कारों के मुकाबले हाइब्रिड कारों में आग लगने का खतरा ज्यादा रहता है। अमेरिकी संस्था की इस स्टडी में नेशनल ट्रांसपोर्ट सेफ्टी बोर्ड द्वारा 2020 से रिकॉल किए गए वाहनों के उपलब्ध कराए गए आंकड़ों पर विश्लेषण किया गया। इस विश्लेषण में बताया गया है कि, प्रति 1 लाख यूनिट्स बेचे गए वाहनों में सबसे ज्यादा हाइब्रिड कारों में आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। वहीं दूसरे स्थान पर गैसोलिन यानी पेट्रोल और तीसरे स्थान पर इलेक्ट्रिक वाहन रहे हैं।

चूंकि अधिकांश इलेक्ट्रिक वाहन अभी तक पुराने पेट्रोल-डीजल वाहनों की उम्र तक नहीं पहुंचे हैं, इसलिए वर्तमान में ऐसा कोई डेटा नहीं है जो यह दर्शाता हो कि पुराने होने के साथ उनमें बैटरी और इलेक्ट्रिक विस्फोट का खतरा अधिक होगा या नहीं। हालाँकि, इलेक्ट्रिक वाहनों में ओवरचार्जिंग और हाई-टेंप्रेचर के कारण बैटरी में आग लगने का खतरा होता है।

